### दिल्ली एयरपोर्ट में घरेलू उड़ानों के संचालन में हुआ फेरबदल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, दिल्ली से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक अहम सूचना है। 15 अप्रैल से इंडिगो और अकासा एयर की सभी घरेलू उड़ानों का संचालन अब टर्मिनल-1 (टी1) से किया जाएगा। अब तक दोनों एयरलाइंस टर्मिनल-2 (टी2) से उड़ान भर रही थीं। यह बदलाव टर्मिनल-2 को निर्माण कार्य के लिए अस्थायी रूप से बंद किए जाने के चलते किया गया है।

### नाबालिग से रेप मामले में युवक को जमानत

**मुंबई, ईएमएस।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक फैसले में नाबालिग से रेप (पॉस्को) के आरोप में 3 साल से जेल में बंद 22 साल के युवक को जमानत दे दी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि 15 साल की नाबालिग को इसकी जानकारी थी, वह क्या कर रही है, वह इसके परिणाम भी जानती थी।

## फटाफट खबरें

### सेना के गश्ती दल पर आतंकियों की फायरिंग

**पुंछ, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के लसाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध आतंकियों ने सेना की एक टुकड़ी पर फायरिंग की। यह हमला गश्ती पार्टी पर इलाके में निगरानी के दौरान हुआ। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर तलाशी अभियान शुरु कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में सेना ने बताया कि ऑपरेशन लसाना के तहत सुरनकोट के लसाना इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकियों से मुठभेड़ भी हुई। इलाके में और जवान भेजे गए हैं और तलाशी अभियान जारी है। जानकारी के मुताबिक देर रात लसान क्षेत्र में सेना की एक टोह पार्टी ड्यूटी पर थी।

### गोली से छलनी युवती का शव बरामद

**नई दिल्ली, ईएमएस।** राजधानी दिल्ली के शाहदरा इलाके में सोमवार देर रात एक 20 वर्षीय युवती का गोलियों से छलनी शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना जीटीबी एन्क्लेव इलाके की है, जहां पुलिस को युवती के गोली लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।
इस मामले की जानकारी दे रहीं डीसीपी नेहा यादव ने बताया कि शव पर दो गोली लगने के निशान पाए गए हैं। युवती की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस उसके शिनाख्त की कोशिश कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जिसके बाद मौत के कारणों और समय की पुष्टि हो सकेगी।

### हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर फूटा ट्रंप का गुस्सा

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस अंदाज में काम कर रहे हैं वो किसी को नहीं पुसा रहा है। उन्होंने टीवी शो के दौरान अपनी खिल्ली उड़ाने पर एक चैनल को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। अब उनका गुस्सा अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पर फूट पड़ा। ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर 2.2 अरब डॉलर की संघीय फंडिंग रोक दी है। यह कदम कैंपस में कथित यहूदी विरोधी माहौल को लेकर भेजी गई सख्त शर्तों की सूची को ठुकराने के बाद उठाया गया है। वाइट हाउस की ओर से हार्वर्ड से उसके गवर्नेंस, नियुक्तियों और प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव की मांग की गई थी।

### गैंगस्टर ने मनाया अनोखा जन्मदिन

**मुंबई, ईएमएस।** भांडुप का कुख्यात गैंगस्टर ज़िया अंसारी की चर्चा इस बार उसके क्राइम के लिए नहीं बल्कि उसके अनोखे जन्मदिन मनाने को लेकर हो रही है। उसने जिस तरह से अपना जन्मदिन मनाया, उससे वह जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा गया, जबकि कई संगीन अपराध करने के बावजूद वह खुलेआम घूम रहा था। दरअसल जिया अंसारी ने अपने जन्मदिन पर खुद के ऊपर दर्ज एफआईआर वाले केक काटे। महाराष्ट्र का गैंगस्टर ज़िया बीते दिनों जमानत पर बाहर आया था। उसने अपना जन्मदिन मनाया। जन्मदिन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### केरल के मंत्री शिवनकुट्टी ने हिंदी थोपने का आरोप लगाया

# एनसीईआरटी की इंग्लिश मीडियम की पुस्तकों के हिंदी नाम पर विवाद

● तिरुवनंतपुरम, ईमएस



देश में इन दिनों भाषा का विवाद छिड़ा हुआ है। भाषा विवाद के बीच राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने इंग्लिश मीडियम की पुस्तकों को रोमन लिपि में हिंदी नाम दिए है। इन पुस्तकों को हिंदी नाम देने पर अब नया विवाद छिड़ गया है। एनसीईआरटी के कदम का कई विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने विरोध भी किया है।

इस बीच केरल के सामान्य शिक्षा एवं रोजगार मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने एनसीईआरटी की अंग्रेजी माध्यम की पाठ्यपुस्तकों को हिंदी नाम देने के निर्णय की निंदा की है। उन्होंने केंद्र पर सांस्कृतिक थोपने और देश की भाषा विविधता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। राज्य मंत्री ने कहा, भाषा विविधता का सम्मान करने और बच्चों के मन में संवेदनशील दृष्टिकोण पैदा करने के लिए दशकों से इस्तेमाल हो रहे अंग्रेजी शीर्षकों को बदलना और मृदंग और संतूर जैसे हिंदी शीर्षकों पर ध्यान केंद्रित करना पूरी तरह से गलत है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि केरल अन्य गैर-हिंदी भाषी राज्यों की तरह भाषा विविधता की रक्षा करने और क्षेत्रीय सांस्कृतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

शिवनकुट्टी ने अपनी बात में तर्क दिया, पाठ्यपुस्तकों में शीर्षक सिर्फ नाम नहीं हैं, वे बच्चों की धारणा और कल्पना को आकार देते हैं। अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी शीर्षक मिलना चाहिए। हाल ही में एनसीईआरटी ने विभिन्न कक्षाओं के लिए पुस्तकों के नए नाम जारी कर दिए हैं। कक्षा 1 और 2 की किताबों का नाम अब मृदंग और कक्षा 3 की किताब का नाम संतूर है। कक्षा 6 की अंग्रेजी की किताब का नाम बदलकर हनीसकल से पूर्वी कर किया गया है। हाल के नाम परिवर्तनों ने भाषा विवाद को फिर से सुलगा दिया है, क्योंकि केरल और तमिल सहित विभिन्न राज्यों के कई मंत्रियों ने केंद्र पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के माध्यम से स्कूली छात्रों पर हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पहले भी हिंदी थोपने के लिए केंद्र की आलोचना कर चुके है। उनका दावा था कि केंद्र सरकार ने एनईपी में तीन भाषा फार्मूले को लागू करने से इंकार करने के कारण राज्य के स्कूलों को कुछ धनराशि देने से इंकार किया है।

### सीएम स्टालिन ने राज्य को स्वायत्त बनाने का प्रस्ताव पेश किया

तमिलनाडू में राज्यपाल से तनातनी के बीच तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य को स्वायत्त बनाने का प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो चुके हैं। हमारे देश में अलग-अलग भाषा, जाति और संस्कृति के लोग रहते हैं। हम सब मिलजुलकर रहते हैं। डॉ. आंबेडकर ने राजनीति और प्रशासन की प्रणाली को इस तरह बनाया कि सभी के हितों की रक्षा हो सके। स्टालिन ने कहा कि एक-एक कर राज्यों के अधिकार छीने जा रहे हैं। वहीं राज्य के लोग अपने मौलिक अधिकारों के लिए केंद्र से लड़ रहे हैं। हम किसी तरह अपने भाषा अधिकार की रक्षा कर रहे हैं।

## तमिलनाडु में दलितों के बहाने सियासत तेज, राज्यपाल और सरकार में तकरार!

आंबेडकर जयंती पर तमिलनाडु में राज्यपाल आर.एन रवि और सत्ताधारी दल डीएमके के बीच खींचतान की खबरें एक बार फिर सुर्खियों में आ गई। गवर्नर रवि ने राज्य में दलितों की दुर्दशा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके खिलाफ भेदभाव की कुछ घटनाएं दुखद हैं। उन्होंने राजभवन में आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में ये बातें कहीं। इस पर डीएमकी की ओर से भी तुरंत पलटवार आ गया।उच्च शिक्षा मंत्री गोवी चेझियान ने राज्यपाल की टिप्पणी को लेकर राज्यपाल रवि पर हमला बोला। बीते कई महीनों से सरकार और गवर्नर के बीच तनातनी देखी गई है। अब यह नया विवाद खड़ा हुआ है।

बता दें कि डीएमके के नेता एमके स्टालिन अकसर सामाजिक न्याय की बात करते हैं और तमिलनाडु की आरक्षण व्यवस्था को दूसरे राज्य भी लागू करना चाहते हैं। ऐसे में आर.एन. रवि का दलितों को लेकर दिया बयान डीएमके को चुभने वाला है। गौरतलब है कि हाल में सरकार और राज्यपाल के बीच 10 बिलों को लेकर विवाद था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी आया है। इसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यपाल के पास यह अधिकार नहीं है कि वह अनंतकाल तक विधेयकों को रोके रखें। रवि ने कहा, 'तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है जहां सामाजिक न्याय के बारे में अकसर बात की जाती है। जब मैं तमिलनाडु आया तो मुझे हमारे दलित भाइयों और बहनों की दुर्दशा देखकर बहुत दुख हुआ। हमें संविधान देने के बावजूद, बाबासाहेब को उनके जीवनकाल में अपमानित किया गया। उनके मिशन को पटरी से उतार दिया गया। उन्हें संसद में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई - कल्पना कीजिए, जिस व्यक्ति ने हमें संविधान दिया, उसे उसका उचित स्थान नहीं दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु में जिस तरह की कहानियां हम सुनते हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। यह एक ऐसा राज्य है जो सामाजिक न्याय का अगुवा होने का दावा करता है। (तमिलनाडु में) एक दलित को गांव की सड़क पर चप्पल पहनने और चलने के लिए पीटा गया। एक युवा दलित को मोटरसाइकिल चलाने के लिए पीटा गया। इस पर जवाब देते हुए मंत्री चेझियान ने रवि के इस दावे को सरासर झूठ करार देते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जिसमें दलितों की उपेक्षा हुई हो या फिर उत्पीड़न किया गया हो।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया में आया जोरदार भूकंप, पहाड़ से जमकर बरसे पत्थर!

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के झटके से लोग सहम उठे। भूकंप से सैन डिएगो के बाहर ग्रामीण इलाकों में सड़कों पर पत्थर गिरने लगे। जू में हाथी डरकर भागने लगे। अलमारियों और दीवारों से सामान भरभरा कर गिरने लगे। फिलहाल, इस भयंकर भूकंप से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि, अधिकारियों नुकसान के आंकलन में जुटे हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, यह भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 10.08 बजे आया। इसका केंद्र सैन डिएगो काउंटी में जूलियन से केवल 4 किलोमीटर दूर था। जूलियन लगभग 1,500 लोगों का एक पहाड़ी शहर है, जो अपनी एप्पल पाई की दुकानों के लिए जाना जाता है। इसे 193 किलोमीटर दूर लॉस एंजिल्स काउंटी तक महसूस किया गया। भूकंप के बाद कई झटके भी आए।

सैन डिएगो काउंटी के लिए कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री एंड फायर प्रोटेक्शन के कैप्टन थॉमस शूट्स ने कहा कि जब जमीन हिलना शुरू हुई तो स्कूली बच्चों को एहतियात के तौर पर इमारतों के बाहर ले जाया गया। उन्हें एक शेक अलर्ट मिला और फिर उन्हें चीजें लुढ़कती और टकराती हुई महसूस होने लगीं। उन्होंने कहा कि बहुत कंपन और खड़खड़ाहट हो रही थी। लेकिन शुक्र है कि अब सब कुछ सामान्य हो गया है। सैन डिएगो काउंटी शेरिफ विभाग ने यह भी कहा कि उन्हें नुकसान या चोटों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। जूलियन कैफे एंड बेकरी की मालकिन रिले ओजुना ने कहा कि उनके व्यवसाय में कुछ कप जमीन पर गिर गए। लेकिन सब कुछ ठीक है। दक्षिणी कैलिफोर्निया में भूकंप एल्सिनोर फॉल्ट जोन के पास 13.4 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह कैलिफोर्निया के सबसे व्यस्त भूकंपीय क्षेत्रों में से एक है और प्रसिद्ध सैन एंड्रियास फॉल्ट सिस्टम का हिस्सा है।

## कर्नाटक में जाति जनगणना रिपोर्ट लीक, सरकार आंतरिक दबाव में

#### वोक्कालिगा और लिंगायत के विधायकों ने आंकड़ों पर जताई आपत्ति

**बेंगलुरु, ईएमएस।** कर्नाटक सरकार जातिगत जनगणना रिपोर्ट के लीक होने के बाद आंतरिक दबाव का सामना कर रही है। वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के विधायकों और नेताओं ने रिपोर्ट के आंकड़ों पर कड़ा विरोध जताया है। गुरुवार को होने वाली कैबिनेट बैठक से पहले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस विधायकों की एक विशेष बैठक मंगलवार को बुलाई है।

शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट अभी नहीं देखी है, उसका अध्ययन किया जा रहा है। मंगलवार को हमारी पार्टी के समुदाय विशेष के विधायकों के साथ बैठक होगी। हम इस विषय पर चर्चा करेंगे और ऐसा सुझाव देंगे जिससे किसी की भावनाएं आहत न हों और सभी का सम्मान बना रहे। रिपोर्ट के मुताबिक लिंगायत समुदाय से आने वाले वन मंत्री ईश्वर खंडरे ने कहा कि वह कई समुदायों के नेताओं की राय एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह भी रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं और कैबिनेट बैठक की तैयारी कर रहे हैं। सीएम सिद्धारमैया ने इस पूरे मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है और सिर्फ इतना कहा है कि इस पर विशेष कैबिनेट बैठक होगी।

## मुसलमान में बाबर का डीएनए तो तुम में किसका: सांसद सुमन

**लखनऊ, ईएमएस।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने महान राणा सांगा को लेकर विवादित बयान दिया था, उसका बवाल अभी ठंडा नहीं हुआ था, और अब उन्होंने एक और विवादित बयान दे दिया है।



आंबेडकर जयंती के मौके पर सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सुमन ने मंदिर के नीचे बौद्ध मठ होने की बात कही। उन्होंने कहा कि गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ने चाहिए। दरअसल, आगरा में आंबेडकर जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमन ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि गड़े मुर्दे मत उखाड़ो। तुम कहते हो हर मस्जिद के नीचे मंदिर है, तब हमें यह कहना होगा कि हर मंदिर के नीचे बौद्ध मठ है। सांसद सुमन ने इसी दौरान फिर विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा, अगर कहते हैं कि मुसलमान में बाबर का डीएनए है, तब तुम में किसका डीएनए है? जरा यह भी बता दो। इस दौरान सुमन ने करणी सेना पर भी हमलावाद दिखे। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने तीन सेनाएं सुनी थीं, वायु, थल और नौ सेना। हमारे बीच अब यह नई सेना पैदा हो गई है। सपा सांसद ने कहा, चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। अरुणाचल प्रदेश को चीन अपने हिस्से में दिखाता है।



ओसाका में 2026 विंटर व पैरालंपिक खेलों के लिए मशाल थामे हुए इटली के फिगर स्केटर केरोलिना कोस्टर व पैरालंपिक एथलीट मार्टिना कैरोनी। (फोटो-ईएमएस)

## किंशासा में बारिश और बाढ़ ने ली 70 लोगों की जान, कई बेघर

**किंशासा, ईएमएस।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के कई इलाकों में तेज बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है इससे राजधानी किंशासा पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि किंशासा के 11 स्वास्थ्य क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। वहां पांच हजार से ज़्यादा लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं। इस आपदा से अब तक कम से कम 72 लोगों की जान जा चुकी है और 170 से ज्यादा लोग घायल हैं। देश के पूर्वी हिस्से में स्थित तांगान्यीका और साउथ किवू प्रांतों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहां की स्थानीय सरकार जरूरतमंदों की मदद करने में जुटी है।

किंशासा स्टेडियमों में आपातकालीन राहत केंद्र और आश्रय स्थलों बनाए गए हैं। हालांकि, देश के सबसे बड़े खेल स्टेडियम स्टेड दे मार्त्यर में पहले ही 4,500 से ज़्यादा लोग पहुंच चुके हैं। सरकार अब लोगों को दूसरे स्थानों पर भेजने की योजना बना रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आने वाले दिनों में और भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे 1.7 करोड़ की आबादी वाले इस शहर में और ज़्यादा तबाही मच सकती है।

## तुर्की से पांचवीं पीढ़ी के जेट लड़ाकू विमान खरीदेगा इंडोनेशिया

**जकार्ता, ईएमएस।** इंडोनेशिया ने तुर्की से पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खॉन खरीदने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 10 अप्रैल 2025 को अंकारा की आधिकारिक यात्रा के दौरान, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने तुर्की के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू जेट कार्यक्रम खॉन में शामिल होने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। इस दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने तुर्की के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया है। एयरस्पेस और नौसेना के क्षेत्र में तुर्की ने पिछले कुछ सालों में जबरदस्त बढ़त हासिल की है। इसका नतीजा है कि कई देश तुर्की के फाइटर जेट प्रोग्राम में जुड़ने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। तुर्की और इंडोनेशिया के बीच पिछले कुछ सालों में रणनीतिक संबंध काफी मजबूत हुए हैं। इंडोनेशिया लगातार क्षेत्रीय और समुद्री खतरों से जूझता रहा है वह अपनी वायुसेना के पुराने विमानों को बाहर कर नए अत्याधुनिक विमानों से बदलना चाहता है।

#### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बयान

## दिल्ली में तीन दिन रुके तो हो जाएंगे बीमार

**नई दिल्ली, ईएमएस।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना ज्यादा है कि शहर में तीन दिन तक रुकने से बीमार हो सकते है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिल्ली और मुंबई को प्रदूषण के स्तर को रेड जोन में बताकर कहा कि आने वाले समय में वायु और जल प्रदूषण के संबंध में बहुत काम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा, दिल्ली में प्रदूषण बहुत अधिक है।



अगर आप तीन दिन दिल्ली में रहते हैं, तब आपको कोई न कोई इंफेक्शन हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बताया कि एक मेडिकल स्टडी के अनुसार, दिल्ली का प्रदूषण एक नागरिक के औसत जीवन को 10 वर्ष कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश में प्रदूषण को दूर करने और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए सड़क विकास एक महत्वपूर्ण रणनीति है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में छह नए वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र स्थापित होने है। इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर ज्यादा नजदीकी से निगाह रखने में मदद मिलेगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि नए स्टेशन प्रदूषण पर सटीक रूप से नजर रखने और इसकी रोकथाम में मदद करने वाले है। सिरसा ने कहा कि वायु गुणवत्ता की निगरानी से जुड़े ढांचे का विस्तार करना भाजपा सरकार की रणनीति का हिस्सा है। 30 जून तक का लक्ष्य रखा क्रम में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली छावनी, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय पश्चिमी परिसर और राष्ट्रमंडल खेल क्रीड़ा परिसर में निगरानी केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। 30 जून तक कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## अंतरिक्ष से लौटीं अमीर महिलाओं ने बताया कैसी दिख रही थी धरती

**वाशिंगटन, ईएमएस।** अंतरिक्ष में घूमकर लौटीं दुनिया की सबसे अमीर घरों की महिलाएं अपने अनुभव को बताते हुए काफी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उनको लगा कि दुनिया बहुत शांत और सुंदर है। इन्होंने एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में सुरक्षित लैंडिंग की पुष्टि करते हुए, अंतरिक्ष पर्यटन कंपनी ने लिखा कि 'कैप्सूल लैंडिंग। स्वागत है, एनएस-31 क्रू!' इस दौरान वे सभी धरती से 100 किलोमीटर (60 मील) की ऊंचाई पर गईं और कार्मन लाइन पार करके भारहीनता को महसूस किया। अमेजन के अरबपति जेफ बेजोस की स्पेस टूरिज्म कंपनी ब्लू ओरिजिन ने सोमवार को वैश्विक पॉप आइकन कैटी पेरी की अगुवाई में एक महिला सेलिब्रिटी क्रू को सफलतापूर्वक लॉन्च किया और वापस उतारा।



#### पाक संसद में फिलिस्तीन पर प्रस्ताव पारित कहा...

## एकजुट हों दुनियाभर के मुसलमान

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** गाजा पट्टी में इजरायल के हमलों को लेकर पाकिस्तान की संसद में प्रस्ताव पारित हुआ। जिसमें इजरायल के हमलों की निंदा की गई। इसके अलावा कश्मीर का जिक्र भी डिबेट के दौरान हुआ। सांसद साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा ने कहा कि मुसलमान कौम के लिए दो मसले हैं, जो चिंताजनक हैं- फिलिस्तीन और कश्मीर। यही नहीं पाकिस्तानी संसद में हामिद रजा ने कहा कि जितना इजरायल इस हमले का दोषी है, उतने ही गुनहगार वे मुसलमान देश भी हैं, जो इस पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से शुरू होने वाला इजरायल का नरसंहार तो होलोकास्ट से भी 10 गुना बड़ा अत्याचार हैं।

प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि 18 मार्च को फिर से शुरू हुए इजराइली हमले में 1,600 निर्दोष फलस्तीनी मारे गए, जिससे गाजा में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 65,000 से अधिक हो गई है। सांसद हामिद रजा ने कहा कि सारे मुस्लिम देशों को एकजुट होना चाहिए। तभी यह मसला हल हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस्लाम में उम्मा की एक अवधारणा है। लेकिन हम तो उस पर अमल ही नहीं कर रहे। उन्होंने मांग की कि पाकिस्तान में इस्लामिक सहयोग संगठन की मीटिंग बुलाई जाए। मुस्लिम देश इजरायल को साफ चेतावनी दें कि गाजा में अत्याचार रुके और यदि ऐसा नहीं हुआ तो फिर पूरी दुनिया में जिहाद की घोषणा की जाए।

## जेएमएम को नया वक्फ कानून स्वीकार नहीं

**रांची, ईएमएस।** झारखंड के रांची के खेलगांव परिसर में 13वें महाधिवेशन के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने नए वक्फ कानून पर कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी ने देश भर में जातियों की गणना के लिए भी अपना समर्थन दोहराया। वरिष्ठ जेएमएम विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्टीफन मरांडी ने एक राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव में सामाजिक निष्पक्षता, अल्पसंख्यक समूहों के अधिकारों और रोजगार सृजन रणनीतियों से संबंधित कई अहम मामलों पर प्रकाश डाला गया है। नए वक्फ कानून के खिलाफ झामुमो के प्रस्ताव पर झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि हमारा मानना है कि यह नया वक्फ कानून सही नहीं है।

#### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर, सीएम चेहरे को लेकर भी कबायद तेज

# खड़गे और राहुल से तेजस्वी की मुलाकात है खास

● नई दिल्ली, ईमएस

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच मीटिंग हुई। इस मीटिंग में महागठबंधन के सीएम फेस को लेकर हुई चर्चा को काफी अहम माना जा रहा है। सीएम फेस के सवाल पर तेजस्वी यादव ने मीटिंग के बाद कहा, हम लोग आपस में बैठ कर तय कर लेंगे।



बिहार विधानसभा चुनाव के चलते आरजेडी की अगुवाई वाले महागठबंधन के साथ कांग्रेस विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन सीट शेयरिंग और सीएम चेहरे को लेकर गठबंधन के बीच कशमकश बनी हुई है। इसी बीच राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 15 अप्रैल को मीटिंग हुई जो कि सीएम फेस की चर्चा को लेकर काफी अहम मानी जा रही थी। इस मीटिंग के बाद तेजस्वी यादव ने कहा, हम लोग आपस में बैठ कर तय कर लेंगे। तेजस्वी यादव की राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ दिल्ली में हुई मीटिंग के बाद उन से सीएम फेस को लेकर सवाल पूछा गया। जिस पर तेजस्वी यादव ने कहा, आपलोग चिंतित मत होईए। हम लोग आपस में बैठ कर यह तय कर लेंगे। तेजस्वी यादव ने जहां इस बात की जानकारी नहीं दी कि पार्टी मीटिंग में तेजस्वी यादव का चेहरा सीएम के लिए तय किया गया या नहीं। वहीं, उन्होंने इस बात को बार-बार कहा कि हम लोगों की पूरी तैयारी है। हम सब मिलकर बिहार को आगे लेकर जाएंगे। बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। हम लोग मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। आरजेडी नेता ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं। एनडीए की सरकार बिहार में नहीं बनने जा रही है। तेजस्वी यादव ने मीटिंग को लेकर कहा, काफी पॉजिटिव मीटिंग हुई। इसी के बाद अब महा गठबंधन की 17 अप्रैल को पटना में प्रस्तावित मीटिंग को लेकर वो बोले, पटना में भी हम बैठेंगे। मजबूती के साथ बिहार को आगे ले जाने का संकल्प है। बिहार के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। सबसे ज्यादा पलायन बिहार से हो रहा है।

### सीट शेयरिंग को लेकर कशमकश

बिहार में कांग्रेस और आरजेडी की राह एक होगी यह बात तो है, लेकिन पार्टी के बीच सीएम फेस और सीट शेयरिंग को लेकर कशमकश बनी हुई है। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने जिस तरह से खुद मुखरता से तेजस्वी के नाम की घोषणा की है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस अभी तक इस बात को साफ नहीं कर रही है कि वो तेजस्वी यादव को सीएम कैंडीडेट के तौर पर समर्थन कर रहे हैं। कांग्रेस इस बात पर सहमत नहीं है कि महागठबंधन का सीएम का चेहरा तेजस्वी यादव को बनाया जाए। इसी बीच राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के बीच हुई यह बैठक काफी अहम है।

### जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**भोपाल (ईएमएस)** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को एडीएम भूपेंद्र गोयल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 125 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।



### ट्रैन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**भोपाल(ईएमएस)।** छोला मंदिर इलाके में ट्रैन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सूखीसेवनिया इलाके के ग्राम सेमरा में रहने वाले 60 वर्षीय भगवान सिंह लोधी की रविवार-सोमवार की रात पातरा पुलिया के पास ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक शराब के नशे के आदी थे। मर्ग कायम कर पुलिस इस बात की जॉच कर ही है, की भगवान सिंह लोधी की मौत हादसा है या आत्महत्या।



## फटाफट खबरें

### सीसीटीवी कैमरा लगाते समय युवक को लगा करंट, मौत

**भोपाल (ईएमएस)।** पुराने शहर के छोला मंदिर इलाके में सीसीटीवी कैमरा लगाते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया था। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां करीब चार दिन चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक बैरसिया रोड स्थित काजी कैंप क्षेत्र में रहने वाला 37 वर्षीय संजय सीसीटीवी कैमरे लगाने वाली एक कंपनी में काम करता था। बीती 9 अप्रेल को वह कैमरा इंस्टाल करने के लिए थानां इलाके के शिवनगर स्थित एक मकान में सीसीटीवी लगाने गया था। कैमरा लगाने के लिए उसने बिजली की डोरी को दीवार की दूसरी तरफ फेंका तभी यह डोरी हाईटेंशन लाइन से टच हो गई। एचटी लाइन से टच होते ही डोरी में करंट लग गया जिसकी चपेट में आकर संजय को करंट का तगड़ा झटना लगा।

### तेज रफ्तार ऑटो डिवाइडर से टकराया ड्रायवर की मौत

**भोपाल (ईएमएस)।** बागसेवनिया थाना इलाके में तेज रफ्तार आटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। घटना में आटो चालक को सिर में गंभीर घातक चोट आई थी। उसे नाजूक हालत में इलाज के लिए एम्स हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहॉ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जाटखेड़ी मिसरोद में रहने वाला घनश्याम पिता नारायण सिंह रजक (40) ऑटो चलाता था। शनिवार को वह कए भंडारे में शामिल होने गया था। शनिवार रविवार की करीब आधी रात को वह वापस घर लौट रहा था। विज्ञान भवन के पास पहुंचते ही अचानक उसका आटो बेकाबू होकर डिवाइड से टकरा गया। डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो के पलटने से घनश्याम के सिर में गंभीर घातक चोट आई थी। उसे इलाज के लिये एम्स हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहॉ उसकी मौत हो गई। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**भोपाल(ईएमएस)।** राजधानी के हबीबगंज इलाके में स्थित लिंक रोड-1 पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक गंभीर रुप से घायल हुआ हैं, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने बताया की सूचना मिलने पर घायल युवकों को डायल-100 की मदद से इलाज के लिये हॉस्पिअल् पहुंचाया गया। खबर मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल ले गए। पुलिस टक्क र मारने वाले कार चालक की पहचान जुटाने के प्रसास कर रही है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि कार काफी तेज स्पीड में थी। एक्सीडेंट होने पर कार का बंपर मौके पर गिर गया और नंबर प्लेट भी टूट गई। कार में एक युवक और युवती मौजूद थे।

### बाइक सवारों ने मोबाइल झपटा

**भोपाल(ईएमएस)।** गौतम नगर इलाके में हमीदिया अस्पताल की महिला गार्ड से बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपट कर चंपत हो गए। घटना रविवार रात 9 बजे उस समय हुई जब वह ड्यूटी के लिये जा रही थी। पुलिस के अनुसार निशातपुरा इलाके में रहने वाली अनीता रजक पत्नी सुखराम रजक (45) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह हमीदिया अस्पताल में गार्ड की नौकरी करती हैं। रविवार को नाईट शिफ्ट होने के चलते रात करीब 9 बजे वह अस्पताल जाने के लिये घर से निकली थीं। प्रेम नगर पुलिया के आगे से उन्हें ऑटो में सवार होकर अस्पताल जाना था। जैसे ही वह प्रेम नगर पुलिया के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों में से एक ने उनके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल अपने कब्जे में लिया।

### जबलपुर क्राइम ब्रांच ने गैंग को दबोचा, रिमांड पर भोपाल लाकर पूछताछ में होगें कई खुलासे

# भोपाल से कार चोरी कर जबलपुर में बेचने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।**

आयोध्या नगर और कोहेफिजा इलाके से कार चोरी करने वाले गिरोह को जबलपुर क्राइम ब्रांच ने दबोचा है। आरोपी जबलपुर में चोरी की कारें बेचने की फिराक में थे। गैंग ने पहले फर्जी दस्तावेजों के आधार के जरिए कोहेफिजा में रहने वाले जयप्रकाश बड़ौदे (22) को एक कार बेची और अगले दिन उसी कार को चोरी कर ली। वहीं आयोध्या नगर में चोर गैंग ने ट्रेवल्स एजेंसी संचाकल रिक्की खलखो से एक लग्जरी कार फर्जी आधार कार्ड के जरिए किराए पर ले भागे। आरोपी सस्ते दामों में कारों को बेचने की फिराक में घुम रहे थे।

जानकारी के अनुसार जबलपुर क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपी शरद शिवहरे (25), संकल्प अग्रवाल (25) और अमित अमरोदे (25) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के पास से कई फर्जी आधार कार्ड मिले है। जबलपुर क्राइम ब्रांच की जांच पूरी हो चुकी है। अयोध्या नगर थाना पुलिस ने बताया की बैरसिया क्षेत्र में रहने वाली रिक्की



खलको पत्नी हेमंत कुशवाह (24) अपने पति के साथ अयोध्या बायपास रोड पर टूर एंड ट्रेवल्स का ऑफिस संचालित करती हैं। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने उनकी एक कार किराए पर ली थी।

आरोपी कार लेकर जबलपुर पहुंचा और वहां औने-पौने दाम में कार बेचने का प्रयास करने लगा। जबलपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार करते हुए कार जब्त कर ली। कार के रजिस्टर्ड नंबर के आधार पर ट्रेवल्स संचालक दंपति को भी सूचना दी गई। इसके बाद दंपत्ति अयोध्या नगर थाने पहुंचे जहॉ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है।

### बॉल उठाने गए नाबालिग की करंट लगने से मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** बैरसिया इलाके में क्रिकेट खेलते समय बॉल उठाने गये नाबालिग पैर बिजली के खुले तार पर पड़ गया। करंट का तगड़ा झटका लगने से वो मौके पर ही बेसुध होकर गिर गया। हालांकि उसे फौरन ही इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन कुछ घंटे चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम अजबपुरा में रहता में रहने वाले विक्रम गुर्जर निजी काम करते है। उनका 16 साल का बेटा नीरज गुर्जर रोजाना की तरह बीते दिन करणपुरा गांव के पास स्थित मैदान में अन्य बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। खेलते समय वह बाल उठाने के लिए मैदान के किनारे दीवार के पास गया था। बाउंड्री के पास बिजली के टूटे पड़े तार पर नीरज का पैर रखा गया जिससे करंट का जोरदार झटका लनगे से वह गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही बेसूध होकर गिर पड़ा। उसे नाजूक इलाज के लिए बैरसिया शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां रात करीब साढ़े नौ बजे उसकी मौत हो गई।

## सीआई चौराहे से बंसल हॉस्पिटल तक लगेंगे सिग्नल

**भोपाल,ईएमएस ।** भोपाल के कोलार रोड स्थित सीआई चौराहा से बंसल हॉस्पिटल के बीच ट्रैफिक सिग्नल भी लगेंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार सुबह सडक़ का निरीक्षण कर अफसरों को यह निर्देश दिए। विधायक कोलार की निर्माणाधीन सडक़ों को देखने पहुंचे थे। उन्होंने बंजारी स्थित स्टेडियम भी देखा। विधायक शर्मा ने सीआई चौराहे से बंसल हॉस्पिटल अस्पताल तक बन रहे फोरलेन अवध मार्ग का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज सहित कनेक्टिंग रोड के निर्माण संबंधी निर्देश दिए। विधायक ने केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाले फोरलेन सडक़ निर्माण कार्य एवं बंजारी के इनडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।

### 40 करोड़ में बन रही सड़क

बता दें कि बंसल हॉस्पिटल तिराहे से कोलार रोड स्थित सीआई चौराहे तक पीडब्ल्यूडी 5 किलोमीटर लंबी सडक़ का निर्माण 40 करोड़ रुपए से कर रहा है। दानिश चौराहा और सीआई चौराहे के पास कुछ काम बचा है, जिसे विधायक ने पूरा करने को कहा। विधायक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यह अवध मार्ग मुखर्जी नगर कोलार के यातायात की सुगमता को और अधिक बेहतर कर रहा है।

## पिपलानी मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा भक्ति का सैलाब

### प्रभु आदिनाथ की भक्ति में झूमे इंद्र-इंद्राणी



**भोपाल(ईएमएस)।**

श्री आदिनाथ जिनालय पिपलानी मे 50 वा स्वर्ण जयंती समारोह भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ प्रभु आदिनाथ का अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। जिनालय में मुनि विमल सागर महाराज के सासंघ सानिध्य में चार दिवसीय अनुष्ठान में भव्य आकर्षक मांडने पर याग मंडल विधान के अरघ अर्पित कर सभी के मंगलमय जीवन की कामना की गई। विध्यानाचार्य अविनाश भैया, अनिल भैया के निर्देशन में अनुष्ठान हुए। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि आज बुधवार को नवीन वेदिका पर भगवान विराजमान होंगे, और स्वर्ण कलश का आरोहण होगा। मुनि विमल सागर महाराज ने कहा मन और इंद्रियों के पूर्ण विराम पर ही जागती है, अंदर की चेतना। संयम भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी संपदा है। मंदिर समिति के राजू गोयल, प्रदीप हरसोला ने बताया कि भक्ति नृत्य के द्वारा इंद्र इंद्राणीयो ने प्रभु की आराधना की ।

इस अवसर पाठ शाला परिवार के सदस्यों ने जैन दर्शन को बताती नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समिति के अरविंद पंत, प्रदीप हरसोला, राजू गोयल, नितेश जैन, महिला मंडल की श्रीमती मृदु जैन, अनिता पंत, मंजु हरसोला, मीना जैन, सुनीता बड़कुर, नेहा जैन आदि मौजूद थे।

## कार ई-रिक्शा को टक्कर मार डिवाइडर से भिड़ी, एक की मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** नये शहर के कोलार थाना इलाके में बीती देर रात तेज रफ्तार से दौड़ रही आई-20 कार ने ई-रिक्शा को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। भीषण एक्सीडेंट में बैट्री ऑटो चालक, उसका आठ साल का बेटा और दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर ऑटो चालक की मौत हो गई। वहीं ऑटो को टक्कर मारने के बाद बेकाबू कार सड़क पर बने डिवाडर से भिड़ गई, जिसके कारण कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को भी गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्याम नगर में रहने वाला दिनेश पिता प्रताप सिंह (35) बैट्री ऑटो चलाता था।



बुधवार रात वह अपने 8 साल के बेटे विकास और दोस्त देवेंद्र के साथ महाबली नगर की ओर जा रहा था। महाबली नगर के नजदीक पहुचने पर अचानक सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उसके ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से ई-रिक्श पलट गया वहीं बेकाबू हुई कार डिवाइडर में जा घुसी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। वहॉ दिनेश की मौत हो गई।

## डीपी में आए फॉल्ट से कई घरों में फैला करंट, एक की मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** पुराने शहर के शाहजहांनाबाद थाना इलाके में स्थित संजय नगर में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब यहॉ लगी बिजली विभाग की डीपी में आये फॉल्ट से शॉर्ट सर्किट हो गया। इसके कारण आसपास के करीब 10 से ज्यादा घरों में करंट फैल गया। उसी दौरान किसी काम से घर से बाहर जा रहे यहॉ रहने वाले सतीश ककोटे (25) ने दरवाजा पकड़ा। यह दरवाजा भी करंट की चपेट में था, और करंट लगने से उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार वालो का कहना है, कि सुबह करीब 7 बजे सतीश ने घर से बाहर निकलते समय दरवाजा पकड़ा तो उसे जोरदार करंट लगा और वह



मौके पर ही बेसूध होकर गिर गए। उन्हें फौरन ही अस्पताल पहुंचाया गया जहॉ डॉक्टरो ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं करंट फैलने की घटना में सतीश सहित आसपास के करीब आधा दर्जन मकानो के टीवी, पंखे और कूलर भी जल गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक सतीश के शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है की हादसे के कारणो की जॉच की जा रही है, शुरुआती जॉच में सामने आया है की हादसा डीपी में आये फॉल्ट के कारण हुआ है। वहीं जानलेवा हादसे के बाद लोगों में आक्रोश फैल हुआ है।

## मायके में रह रही थी पत्नि, पति ने फांसी लगाकर दे दी जान

### पत्नि के आये दिन ससुराल में रहने को लेकर चलती थी अनबन

**भोपाल (ईएमएस)।** कोलार इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल खुदकुशी का सही कारण साफ नहीं हो सका है। शुरुआती जॉच में यह बात सामने आई है की मृतक की पत्नी बच्चों को लेकर मायके में रहती है, इसी बात को लेकर उनके बीच मनमुटाव चलता रहता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कजलीखेड़ा में किराये से रहने वाला सुनील अहिरवार पिता रघुवीर अहिरवार (32) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। उसकी पत्नि का मायका उसके घर के पास में ही है, जबकि उसके माता-पिता व अन्य रिश्तेदार पत्रकार कॉलोनी के पास एक बस्ती में रहते हैं। घर के नजदीक ही ससुराल होने के कारण उसकी पत्नी



और बच्चे अक्सर वहां चले जाते और कई-कई दिनों तक वहीं रहते थे। पत्नि बच्चो के बार-बार जाने और कई दिनो तक वहीं रहने की बात को लेकर सुनील का अपनी पत्नी और ससुराल वालो से अनबन चलती थी। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया की बीती रात वह अपने घर पहुंचा तब उसे जानकारी लगी की सुनील ने शाम से ही अपने घर के खिड़की दरवाजे लगा लिए और इसके बाद न तो वह बाहर आया और न ही भीतर से किसी तरह की हलचल की आवाज भी नहीं आई है। अनहोनी की आशंका के चलते मकान मालिक ने खिड़की से झांककर देखा तो उसे सुनील का शरीर फांसी के फंदे पर लटका हुआ नजर आया।

उसने इसी सूचना उसके ससुराल वालो और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की छानबी के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। जॉच टीम का अनुमान है की आत्महत्या का कारण घरेलू कलह हो सकती है। हालांकि असल कारणो का खुलासा परिजनों के बदर्ज किये जाने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस जॉच में यह बात भी सामने आई है की मृतक सुनील को ऑनलाइन गेमिंग की लत थी।

## संघ के नक्शे कदम पर एमपी कांग्रेस

### प्रभारी की जिम्मेदारी बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र में रुकने और रात्रि विश्राम के निर्देश

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरह काम करने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में प्रभारी की जिम्मेदारी बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र में रुकने और रात्रि विश्राम के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी की मंशा है कि इस बहाने क्षेत्र में पार्टी की नब्ज टोला जाए। कहां पार्टी कमजोर है, कैसे इसे दूर किया जा सकता है इसके बारे में नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी का मानना है कि घर की महिलाएं यदि पार्टी के साथ है तो घर के सदस्य भी उनके साथ होंगे।



युवा कांग्रेस सेवा दल पार्टी के अन्य संगठन भी सक्रिय किए गए हैं। कांग्रेस नेता अभिनव बरोलिया का कहना है कि साल 2025 संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी में काम चल रहा है। नेताओं को क्षेत्र में जाने के लिए कहा गया है साथ ही बुंदेलखंड के दौरे पर भी जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी प्रवास पर हैं। ऐसे में नेताओं से मुलाकात कार्यकर्ताओं से संवाद भी किए जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शिवम शुक्ला का कहना है कि मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी की बात कोई कार्यकर्ता या फिर नेता नहीं मानते हैं। पार्टी के भीतर वर्चस्व की लड़ाई चल रही है।

भले ही कोई अभियान चला ले लेकिन संवाद की कमी और जीतू पटवारी के अभियानों का कोई असर नहीं होता। राष्ट्र विरोधी मुद्दों पर कांग्रेस हमेशा अपना पक्ष रखती है।

### उमंग सिंघार ने एक बार फिर उठाई विधानसभा की कार्यवाही लाइव दिखाने की मांग, कहा...

## यह जनता का संवैधानिक अधिकार

**भोपाल,ईएमएस।**

मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बार फिर विधानसभा की कार्यवाही को लाइव टेलीकास्ट करने की मांग उठाई है। सिंघार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए एक जिम्मेदार मांग की है। जब देश की संसद और कई राज्यों की विधानसभाओं की कार्यवाही जनता के सामने लाइव दिखाई जाती है, तो मध्यप्रदेश की विधानसभा अब भी पर्दे के पीछे क्यों है? क्या सरकार को डर है कि अगर कार्यवाही का सीधा प्रसारण हुआ तो जनता जान जाएगी - कौन जनहित की बात करता है, कौन सवाल पूछता है, और कौन सवालों के जवाब देने से बचता है? सिंघार ने आगे लिखा कि विधानसभा जनता की उम्मीदों का मंदिर है। यहां जो भी कहा जाता है, वह जनता के नाम पर कहा जाता है - फिर उस पर जनता की नजर क्यों न हो? जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनका चुना हुआ विधायक उनके मुद्दों को कितनी गंभीरता से उठाता है। संसद की तरह मप्र विधानसभा की कार्यवाही का भी सीधा प्रसारण हो। यह कोई सुविधा नहीं, जनता का संवैधानिक अधिकार है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि सदन के अंदर जनता के चुने गए जनप्रतिनिधि क्या बोल रहे हैं और उनकी आवाज उठा रहे हैं या नहीं यह जानना सबका अधिकार है, लेकिन मध्य प्रदेश में विधानसभा की लाइव कार्यवाही नहीं होती। जिसकी वजह से लोग दूसरे पक्ष को जानने से अंजान रह जाते है।

## ट्रांसमिशन टॉवरों की ड्रोन से निगरानी...

### ब्रैक डाउन घटाने में मिली सफलता

**भोपाल,ईएमएस।** प्रदेश की तीनों बिजली कम्पनियों ने अभी दरों में वृद्धि की अपनी याचिकाएं नियामक आयोग से मंजूर करवाई। दूसरी तरफ पारेषण क्षति और बिजली चोरी के जरिए होने वाले घाटे की पूर्ति भी दरें बढ़वाकर की जाती है, तो दूसरी तरफ मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी का दावा है कि अब ड्रोन के जरिए ट्रांसमिशन टॉवरों की निगरानी से ब्रैकडाउन घटाने में सफलता मिली।

पहले 220 केवी के ट्रांसमिशन टॉवरों की निगरानी शुरू करवाई थी। अब उसके बाद 400 और 132 केवी के भी लगभग 23 हजार ट्रांसमिशन टॉवरों को इसमें शामिल कर लिया है। नतीजतन ड्रोन से की जा रही निगरानी के चलते फॉल्ट की जल्दी जानकारी मिल जाती है। नतीजतन हाईटेंशन लाइनों में ब्रैकडाउन को घटाने में सफलता मिली है। दरअसल, ये ट्रांसमिशन लाइनें कई ऐसे क्षेत्रों में भी डली है जहां पर आवागमन मुश्किल रहता है। मगर अब ड्रोन के जरिए भी इसकी निगरानी की जा सकती है।

### गिरोह में दो सगे भाई भी शामिल, साढ़े छह लाख की 9 बाईक जब्त

## अस्तपाल, मैरिज गार्डन से बाइक चोरी करने वाली गैंग अरेस्ट

**भोपाल(ईएमएस)।**

देहात इलाके की ईटखेड़ी थाना पुलिस ने लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की वारदातो के बीच सफलता पाते हुए स्टेट लेवल वाहन चोर गैंग को दबोचा है। गिरोह के पास से साढ़े छह लाख कीमत की 9 बाईके जप्त की गई है। गिरोह का सरगना जहॉ बाइक चोरी की वारदातो को अंजाम देता वहीं गैंग में शामिल दो सगे भाई चोरी की बाइको को ठिकाने लगाने के लिये ग्रामीण इलाको में ग्राहक तलाशते थे। टीआई दुर्जन सिंह बरकडे ने जानकारी देते हुए बताया की बीती 7 अप्रेल को फरियादी कलीम खान पिता सदरुद्दीन खान (32) निवासी ग्राम परवलिया सडक थाना परवलिया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह अपने परिवार के साथ रोज मैरिज गार्डन ईटखेड़ी में एक समारोह में शामिल होने आया था।

इसी बीच उसकी पार्किंग में खड़ी बाईक अज्ञात आरोपी चोरी कर चंपत हो गए। मामला दर्ज कर पुलिस टीम ने घटना स्थल के आस-पास और वहॉ आने-जाने रास्तों पर लगे दर्जनो सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले।



इसके साथ ही तकनीकी पड़ताल और मुखबिरों से मिले अहम सुरागो के आधार पर पुलिस ने बीते दिन तीन युवको को उस समय घेराबंदी कर दबोच लिया जब वह बाइक लेकर सैनी चौराहा के पास घूम रहे थे।

शुरुआती पूछताछ में संदेहियो की पहचान युसुफ पिता हमीद (27) निवासी, जासिद पिता हमीद खांन (20) दोनो निवासी ग्राम आदमपुर थाना विदिशा, जिला विदिशा के रुप में हुई, कि दोनो आरोपी सगे भाई है। वहीं तीसरे की पहचान शाहरूख खांन पिता जावेद खांन (24) निवासी ग्राम आदमपुर थाना विदिशा हाल पता करोंद निशातपुरा भोपाल के रुप में हुई। टीम ने जब उसनके पास मौजूद बाइक के संबंध मे पूछताछ करते हुए कागजात मांगे तब तीनो सकपका गये और गोलमोल जवाब देने लगे। शक होने पर तीनो से पुलिसिया अंदाज में पूछताछ की गई। आरोपियो ने खुलासा किया की उनके पास बाइक चोरी की है। जिसे उन्होनें ईटखेडी थाना इलाके से चुराया था।

वहीं आरोपियो ने आगे बताया की उन्होनें भोपाल के कई इलाको सहित रायसेन जिले के भी कई थाना क्षेत्रो से भी 9 बाईके चोरी की है, जिन्हें बेचने के लिये अपने-अपने घरो पर छिपाकर रखा हुआ है। बाद में पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 9 बाईके जप्त कर ली। पुलिस ने बताया की गिरोह पार्किंग, शराब दुकान, अस्पतजाल, मैरिज गार्डन जैसै भीडभाड वाले स्थानो पर रैकी करते और ऐसे वाहन जिनके लॉंक खुले या जिन बाईको के लॉक किसी दूसरी चाबी से आसानी से खुल जाते हो उन्हें चोरी कर चंपत हो जाते थे। आरोपी ने ग्रीन रोज मैरिज गार्डन, कटारा मल्टी, बंसल, एम्स और जे.के. अस्पताल भोपाल की पार्किंग, पीरिया कलारी के साथ ही सलामतपुर रायसेन से सहित अन्य इलाको से वाहन चोरी किये है। मुख्य आरोपी शाहरुख मौका पाकर बाइके चोरी कर युसुफ को सस्ते दामों पर बेंच देता था।

### भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज गर्मी रहेगी

## मध्यप्रदेश में आज से लू चलेगी

**भोपाल,ईएमएस ।** मध्यप्रदेश में 16 अप्रैल से हीट वेव यानी, लू का असर शुरू होगा। इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग के जिलों में लू चलेगी। वहीं पूर्वी हिस्से के 07 जिले-शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में मंगलवार को गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। बारिश और आंधी की गतिविधियों में थोड़ी कमी आएगी। प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। पांढुर्णा, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली, अनूपपुर, सीधी, सिवनी, रीवा आदि जिलों में बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई है। दूसरी ओर, प्रदेश के बाकी के हिस्से में



गर्मी का असर रहा। रतलाम में दिन का तापमान सबसे ज्यादा 42 डिग्री दर्ज किया गया। शाजापुर-धार में पारा 41 डिग्री, खंडवा में 40.5 डिग्री और नर्मदापुरम में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन सबसे गर्म रहा। यहां पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया।

**ऑफिस स्टॉफ**

आवश्यकता है। ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस असिस्टेंट की योग्यता कम्प्यूटर नॉलेज होना आवश्यक है। संपर्क करें । 9425008620

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**नर्मदापुरम, ईएमएस।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चयनित आदर्श ग्राम बनवारी विकासखण्ड पिपरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रकृति एवं जल संवर्धन को समर्पित 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया।



### संभागीय समीक्षा बैठक आज

**नर्मदापुरम, ईएमएस।** नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता की में 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:30 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, खादी ग्रामोद्योग/ कुटीर, रेशम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा करेंगे।



## संपादकीय

# एससी-एसटी वर्गीकरण का पहला राज्य बना तेलंगाना

**तेलंगाना** की कांग्रेस सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के भीतर वर्गीकरण की नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। तेलंगाना देश का पहला राज्य बन गया है। जिसने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के निर्णय के अनुसार वर्गीकरण का काम कर केंद्र सरकार और भाजपा को कड़ी चुनौती देने का काम किया है। तेलंगाना सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा और साहसिक कदम है। आजादी के बाद देश में आरक्षण की व्यवस्था, समग्र सामाजिक विकास के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए की गई थी। कई दशकों बाद यह महसूस हुआ, एससी-एसटी समुदाय के भीतर की कुछ जातियाँ ही आरक्षण का लाभ मिला हैं। जबकि अन्य समूह 75 साल के बाद भी हाशिए पर ही रह गए है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए अब समूह के बीच वर्गीकरण की आवश्यकता पैदा हुई है। तेलंगाना सरकार ने एक अध्ययन समिति का गठन किया था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने उपसमूह के आधार पर यह निर्णय लिया है। समाज के भीतर सबसे पिछड़े वर्गों को वास्तविक लाभ कैसे पहुँचाया जाये। इस वर्गीकरण से अब आरक्षण और अन्य सामाजिक योजनाओं का लाभ उनको नहीं मिलेगा, जो पहले से सशक्त हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उन उपवर्गों तक पहुँचेगा। जिन्हें अब तक आरक्षण के लाभ से नजर अंदाज रखा गया है।यह कदम सामाजिक ही नहीं, संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ इस विषय पर पहले ही फैसला कर चुकी है। इस तरह के वर्गीकरण को सिद्धांततः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ वैध ठहरा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की शर्त थी, इसका आधार ठोस और न्यायसंगत हो। तेलंगाना सरकार ने इस बात का ध्यान रखते हुए सर्वे के माध्यम से व्यापक आंकड़ों और समाजिक विश्लेषण के साथ नीति तैयार की है। यह निर्णय देश के बाकी राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। इस निर्णय को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाएगा, तो निश्चित रूप से यह नीति उन समुदायों के लिए वरदान साबित हो सकती है।जो अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से बहुत दूर है। तेलंगाना ने यह सिद्ध किया है, केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों से ही सामाजिक न्याय को सुनिश्चित और जवाबदेह बनाया जा सकता है। तेलंगाना सरकार की यह पहल देश में आरक्षण नीति के पुनः परीक्षण और नवचिंतन का नया आधार बन सकता है। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जाति आधार पर जनगणना की मांग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। जिस तरह की स्थिति देश में अब बन गई है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने आरक्षण के मसले पर जो दिशा निर्देश जारी किए हैं। उसके अनुसार तेलंगाना सरकार ने काम करते हुए जो नई नीति लागू की है। वह देश के विकास की एक नई आधार शिला बन सकती है। 2021 की जनगणना का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। केंद्र सरकार को चाहिए 2021 की, जो जनगणना होना है। उसमें सभी वर्गों के साथ उनके उप वर्गों को भी शामिल किया जाए। आर्थिक एवं सामाजिक जानकारी के आंकड़े सामने लाये जाएं, ताकि भारत के सभी नागरिकों समान अवसर प्राप्त हों, जो अभी तक वंचित है। वंचित और जरूरत मंदों को आरक्षण का सहारा देकर मुख्य धारा में लाने का काम सामाजिक व्यवस्था के लिए जरूरी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए। वह कमजोर वर्गों को राहत देकर उन्हें विकास की दौड़ में समान अवसर प्रदान करें। आरक्षण को लेकर विगत कई दशकों से समय-समय पर जो विवाद देखने को मिलते है। तेलंगाना सरकार के इस निर्णय से समाज के सभी वर्ग ओर समुदाय को आरक्षण का लाभ मिलना तय होगा। इसके लिए तेलंगाना सरकार ने जो पहल की है सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है। इन दोनों की सराहना की जानी चाहिए। इस फैसले ओ राजनीतिक नजरिए से न देखकर सामाजिक विकास के नजरिए से देखना होगा। तेलंगाना सरकार ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर जो पहल की है, वह सराहनीय है।

– सनत जैन

# धर्म को विज्ञान से नहीं आस्था से समझें


संजय गोस्वामी

हनुमान जयंती 12अप्रैल को भगवान हनुमान को समझने की कोशिश की जिसमें एक बात हैरान करने वाला था लेकिन सत्य है,वाल्मीकि की रामायण, किष्किन्धाकांड में वर्णित हनुमान के बचपन के वृत्तांत से हनुमान जी ने सूर्य को कैसे निगल लिया था, जबकि सूर्य पृथ्वी से लगभग 130 गुना बड़ा है?हनुमान जी के सूर्य को निगलने की कथा को पौराणिक दृष्टिकोण से समझा जाता है, न कि भौतिक विज्ञान के नियमों से। यह कथा वाल्मीकि रामायण और अन्य पुराणों में वर्णित है, जिसमें हनुमान जी की बाल्यकाल की अद्भुत शक्तियों का वर्णन किया गया है।कथा का संक्षिप्त विवरण जब हनुमान जी छोटे थे, तो उन्हें बहु तेज भूख लगी।रूपांतरित में यह कहा गया है सूर्य ने देखा कि बालक बहु तेज गति से उसकी ओर उड़ रहा है। सूर्यदेव ने सोचा, वह छोटा सा बालक पागल बैल की तरह मुझ पर आक्रमण कर रहा है। वायुदेव को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि उसके मित्र सूर्यदेव एक छोटे से बालक को देखकर घबरा गए। हनुमानजी अब और अधिक तेज गति से आगे बढ़ने लगे। सूर्यदेव, सूर्यदेव, घबरा गए। बचाओ, बचाओ, वे चिल्लाए। कुछ ही समय में, देवताओं के राजा इंद्र, अपने हाथी पर सवार होकर प्रकट हुए। यह कोई साधारण हाथी नहीं था। ऐरावत सफेद रंग का था, और उसके चार दाँत थे। छोटे हनुमान को इंद्र का हाथी खिलौना लग रहा था। वे भूल गए कि उन्हें भूख लगी है, और हाथी के पीछे चले गए। चले जाओ, दुष्ट, चले जाओ, इंद्र ने चिल्लाया। इंद्र की चेतावनी को अनदेखा करते हुए, हनुमान आगे बढ़े और हाथी की सूंड पकड़ ली। इंद्र ने अपने शक्तिशाली हथियार, वज्र से हनुमान को दूर धकेल दिया। हनुमान के चेहरे पर वार हुआ था। वे कराह उठे और उनका चेहरा फूलने लगा। वायुदेव को गिरते हुए बच्चे को देखकर घबराहट हुई। वह उसे अपनी बाहों में लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ा। उसे उठाकर वायुदेव तेजी से एक गुफा के अंदर चले गए।जिस क्षण वायुदेव ने खुद को गुफा में बंद किया, हवा बहना बंद हो गई। मनुष्य और जानवर सांस लेने के लिए तरस गए। इंद्र चिंतित हो गए, क्योंकि उन्हें पता था कि जीवित प्राणी हवा के बिना लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते। इंद्र वायुदेव के पीछे भागे। सूर्यदेव इंद्रदेव के पीछे भागे। अन्य देवता सूर्यदेव के पीछे भागे। इंद्रदेव के नेतृत्व में सभी देवता गुफा के बाहर एकत्र हुए और वायुदेव से बाहर आने का आग्रह किया।तुम्हारा बेटा बहुत बढ़िया है, वायुदेव, इंद्र ने कहा, क्या लड़का है !क्या ताकत है ! और वह निडर भी है, सूर्यदेव ने कहा।जब वह बड़ा होगा, तो हनुमान महान कार्य करेगा, इंद्र ने कहा।मैं हनुमान को असाधारण शक्ति का वरदान देता हूं, सूर्यदेव ने कहा।मैं उसे ज्ञान और बुद्धि प्रदान करता हूं, इंद्रदेव ने घोषणा की।वह अपनी इच्छानुसार बड़ा या छोटा हो सकता है। वह कोई भी रूप धारण कर सकता है, देवताओं में से एक ने कहा।इंद्र ने कहा, मृत्यु भी उसे छू नहीं सकती। मैं उसे अमर बना दूंगा।नन्हे हनुमान पर बरसते वरदानों को सुनकर वायु प्रसन्न हुए। इस बीच हनुमान दर्द से उबर चुके थे। हनुमान को गले लगाए हुए वायु देवताओं को धन्यवा देने के लिए गुफा से बाहर आए।हवा चलने लगी। मनुष्य और जानवर अब आसानी से सांस ले सकते थे। देवता खुश थे। उन्होंने हनुमान को आशीर्वा दिया और अपने घर लौट गए।तभी हनुमान को अपनी मां अंजना की आवाज सुनाई दी - हनु, तुम कहां चले गए। हनु...वायु द्वारा दिए गए एयर कुशन पर तैरते हुए हनुमान तुरंत घर की ओर चल दिए। जब हनुमान घर पहुंचे और अपनी मां को गले लगाया, तो वायु मुस्कुराए।सूर्य पृथ्वी से औसतन लगभग 93,000,000 मील (150 मिलियन किलोमीटर) की दूरी पर है। यह इतना दूर है कि सूर्य से प्रकाश, 186,000 मील (300,000 किलोमीटर) प्रति सेकंड की गति से यात्रा करते हुए, हमारे पास पहुंचने में लगभग 8 मिनट लेता है।सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश पहुंचने में औसतन 8 मिनट और 20 सेकंड का समय लगता है. प्रकाश की गति 2,99,792 किलोमीटर प्रति सेकंड होती है. पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी लगभग 150 मिलियन किलोमीटर है. वर्तमान में, सूर्य के केंद्र का तापमान लगभग 15 मिलियन डिग्री सेल्सियस (27 मिलियन डिग्री फ़ारेनहाइट) है। यह तापमान परमाणु संलयन नामक प्रक्रिया के कारण होता है, जो सूर्य के केंद्र में लगातार होता है। परमाणु संलयन में, हाइड्रोजन नाभिक आपस में मिलकर हीलियम नाभिक बनाते हैं, जिससे भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है।यह ऊर्जा सूर्य के बाहर की ओर विकिरण और संवहन द्वारा स्थानांतरित होती है, जिससे उसकी सतह का तापमान लगभग 5,500 डिग्री सेल्सियस (10,000 डिग्री फ़ारेनहाइट) हो जाता है।सूर्य के भविष्य में, जैसे-जैसे वह अपने ईंधन (हाइड्रोजन) को जलाता जाएगा, उसका केंद्र अधिक गर्म हो जाएगा। माना जाता है कि अगले 5 अरब वर्षों में, सूर्य का केंद्र तापमान 20 मिलियन डिग्री सेल्सियस (36 मिलियन डिग्री फ़ारेनहाइट) तक पहुंच जाएगाओजोन परत मुख्य रूप से समताप मंडल में स्थित है, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 15 से 35 किलोमीटर (9 से 22 मील) ऊपर है। वायुमंडल के अन्य भागों की तुलना में इसमें ओजोन (O3) की उच्च सांद्रता होती है।

# शिक्षक और सड़क दोनों मंजिल तक पहुंचाने के कारगर सेतु


किशन सनमुखदास भावनानी

भारत आदि-अनादि काल से संस्कृति,मानवीय सभ्यता, मान-सम्मान की संप्रभुता का अभूतपूर्व ख़ज़ाना भारत माता की मिट्टी में ही समाहित रहा है। ऊपर से सोने पर सुहागा हमारे बड़े बुज़ुर्गों, बुद्धिजीवियों सहित आध्यात्मिकता के माध्यम से कहावतों, वचनों, शब्दों का ऐसा अनमोल पंक्तियों द्वारा हमारे पास स्वर्ण रूपी संयोजित है, जिसके एक एक शब्द में मोती भरे हैं ! अगर भारत का हर नागरिक इन पंक्तियों के बोध का ज्ञान अपने जीवन में अपना कर उसके अनुसार अपने जीवन को ढालें तो यह विचार, कहावतें उन पर आ रही विपत्तियों, तकलीफों, विपरीत समय में एक म ज़बूत ढाल का काम कर सकते हैं !वैसे तो अनेक पंक्तियां, शब्द, वाक्यांश हैं पर हम आज,, शिक्षक और सड़क दोनों एक एक जैसे हैं जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं,, इसपर कुछ बातों का को सांझा कर शिक्षा ग्रहण करने की कोशिश करेंगे। साथियों बात अगर हम शिक्षक और सड़क की करें तो दोनों हमारे लिए अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आज के परिपेक्ष और डिजिटल भारत में, जैसे हमारा सांस लेना आवश्यक है। इसके बैगर हम जी नहीं सकते है। वैसे ही शिक्षक और सड़क के बिना विद्यार्थी और लोग अधूरे है। शिक्षक और सड़क नहीं होंगे तो वह विकास प्राप्त करने में असमर्थ हो जाएंगे।

साथियों बात अगर हम शिक्षक की करें तो, शिक्षक एक व्यक्ति को कुशल नागरिक बनाता है। शिक्षक वह प्रकाश है जो सभी के जिन्दगी में रोशनी भर देता है। शिक्षक एक मोमबत्ती रूपी ज्ञान का उजाला है जो लोगों को अँधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षक की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। शिक्षक अपने शिक्षा के ज़रिये व्यक्ति समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उनकी शिक्षा की वजह से व्यक्ति में आत्मविश्वास का संचार होता है जिसकी वजह से वह अपने ज़िन्दिगी में कुछ कर गुजरने की चाहत रखता है। शिक्षक एक खूबसूरत आईने की तरह है जिससे व्यक्ति अपने वजूद की पहचान कर पाता है। शिक्षा वह मज़बूत ताकत है जिससे हम समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर ले जा सकते है। शिक्षक विद्यार्थिओं का मार्ग दर्शक है। ज़िन्दिगी के कठिन मोड़ पर जब हम रास्ता भटक जाते है तो कोई न कोई इंसान शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। कम उम्र में बच्चे का जीवन गीली मिटटी की तरह होता है। तब शिक्षक एक कुम्हार की तरह उसे शिक्षा रूप हाथों से एक मज़बूत आकार प्रदान करता है।शिक्षक विद्यार्थिओं को आने वाले बेहतर भविष्य के लिए तैयार करते है। विद्यार्थी के मन में विषय संबंधित और जीवन संबंधित कोई भी दुविधा आये तो शिक्षक उस दुविधा को हल करने में हर मुमकिन कोशिश करता है।

शिक्षक की मेहनत की वजह से कोई डॉक्टर ,कोई इंजीनियर कोई वकील,सीए,पायलट सैनिक इत्यादि बन कर अपनी मंजिल पर पहुंच जाते है।अगर शिक्षक नहीं होंगे तो यह पद पर कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं हो पाएंगे । शिक्षक इंसान को अच्छे और बुरे के बीच फर्क करना सिखाते है। वह अधर्म ,घृणा ,ईर्ष्या ,हिंसा इन बुरी आदतों से विद्यार्थिओं को दूर रहना सिखाते है। शिक्षक शिष्टता ,सहनशीलता ,धैर्य से जीवन के संघर्षों से पार करना सिखाते है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करता है। साथियों बात अगर हम सड़क की करें तो, किसी भी देश के आर्थिक विकास में यातायात एवं संचार के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। देश का कृषि, व्यापार व औद्योगिक विकास परिवहन के साधनों पर ही निर्भर करता हैं।परिवहन एक महत्वपूर्ण तृतीयक व्यवसाय हैं। आज के परिपेक्ष में बिना सड़क के मानवीय जीवन अधूरा है।

## सुविचार

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।

– रामायण

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।

– स्वामी ज्ञानानंद

## प्रसंग

# छोटों से सीख

एक बार कि बात है । स्वामी विवेकानन्द भारत भ्रमण ए करते हुए खेतरी के राजा के पास गए । राजा ने उनका बहुत सम्मान किया । राजा को उन्होंने अत्यन्त प्रभावित किया । उनके सम्मान में एक भजन गायिका नर्तकी बुलायी गयी । जब उन्होंने नर्तकी को देखा इच्छा हुई, अब यहाँ से चलें । राजा ने साग्रह उन्हें बैठा लिया ।

नर्तकी ने गाना शुरू किया, 'प्रभुजी अवगुन चित ना धरो' भाव था, 'हे नाथ ! आप समदर्शी हैं, लोहा कसाई की कटार में है, वही मन्दिर के कलश में है । पारस इसमें भेद नहीं करता । वह दोनों को अपने स्पर्श से कुन्दन बना देता है । जल यमुना का हो या नाले का, दोनों जब गंगा में गिरते हैं, गंगा-जल हो जाते हैं।' हे नाथ फिर यह भेद क्यों? आप मुझे शरण में लीजिए । यह सुनकर स्वामी जी की आँखों से अश्रुधरा बह चली। एक संन्यासी को सचमुच एक नर्तकी के द्वारा अद्वैत वेदान्त की शिक्षा मिली ।

## राज काज

### राज्यपाल ने लगवाये जय श्री राम के नारे

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी रोजाना नए-नए विवाद के लिए जाने जाते हैं । सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जो फैसला दिया है ।उसके बाद भी उनमें कोई शर्म और हया देखने को नहीं मिल रही है । उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी एक तरह से चुनौती दे दी है ।तमिलनाडु के राज्यपाल एक इंजीनियरिंग कॉलेज के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए थे ।वहां पर उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों से जय श्री राम के नारे लगवाए । यह नारे लगवाना इसलिए भी जरूरी हो गया था । उन्हें राज्यपाल के पद पर बने रहना है ।जब तक वह अपनी निष्ठा संघ और जय श्री राम के प्रति प्रदर्शित नहीं करेंगे । उनका पद पर बने रहना शायद मुश्किल होगा । तमिलनाडु में उनके इस्तीफा या बर्खास्त करने की मांग तेज होने लगी है।

### हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में पलायन मुख्य मुद्दा

पश्चिम बंगाल की राजनीति बड़ी अजब गजब की है । मुख्यमंत्री के पद पर ममता बनर्जी विराजमान हैं । वही राज्यपाल के पद पर केंद्र सरकार के राज्यपाल महोदय राज भवन में विराजमान है । पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों की ही सत्ता चल रही है । पुलिस प्रशासन और अधिकारी परेशान हैं । पश्चिम बंगाल की न्यायपालिका की आंखों में हमेशा पट्टी बंधी रहती है । ममता सरकार के खिलाफ और भाजपा के पक्ष में निर्णय करने की छवि न्यायपालिका की बन चुकी है । जजों को भी अपना भविष्य देखना है । जजों को मनचाहे पद तुरंत मिल रहे हैं ।ममता बनर्जी दो पाँटों के बीच में फंसी हुई है । हाल ही में मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल को लेकर जो हिंसा हुई है । उसके बाद भाजपा नेताओं ने हिंदू पलायन को लेकर ममता दीदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । गोदी मीडिया को ममता के इस्तीफा की सुपारी दे दी गई है । देखना यह है कि ममता दीदी इसका मुकाबला किस तरह से करती हैं ।

### आकाश आनंद को मिली मायावती की माफी

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आखिरकार अपने भतीजे आकाश आनंद को माफी दे दी है । आकाश ने माफी मांगते हुए कहा है । वह अपनी बुआ की बात ही सुनेंगे ।अब ससुर की किसी भी बात को नहीं मानेगे । बुआजी जैसा कहेंगी,वैसा ही वह करेंगे । मायावती आकाश आनंद से बहुत प्रेम करती हैं । आकाश के माफी मांगने के बाद मायावती द्रवित हो गई । उन्होंने आकाश को माफ कर दिया । आकाश आनंद ने एक के बाद एक कई पोस्ट किए थे । जिसमें उन्होंने मायावती को दिल से अपना एकमात्र राजनीतिक गुरु और आदर्श बताया । ससुराल से दूरी रखने की बात कही । सोशल मीडिया पर माफी मांगी ।इसके बाद उन्हें माफ़ी तो बुआ की मिलनी ही थी । आकाश आखिर कार चेला तो मायावती के ही हैं ।

## जरा हटके

### हर 3,000 में से एक व्यक्ति के शरीर में होता है खराब जीन: शोध

**लंदन (ईएमएस)।** हर 3,000 में से एक व्यक्ति के शरीर में एक खराब जीन होता है, जिससे उनके फेफड़े फटने का खतरा बढ़ जाता है। इसको 'न्यूमोथोरैक्स' कहा जाता है, जो फेफड़ों से हवा के रिसाव के कारण होता है। इस बीमारी के कारण फेफड़ा पिचक सकता है, जिससे गंभीर दर्द और सांस लेने में तकलीफ होती है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 5.5 लाख से अधिक लोगों पर अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला है। उन्होंने पाया कि हर 2,710 से 4,190 लोगों में से एक में एफएलसीएन नामक जीन का एक दुर्लभ रूप होता है, जो बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम नामक आनुवंशिक बीमारी की ओर इशारा करता है। यह बीमारी न केवल फेफड़ों में गांठें (सिस्ट) बनाती है, बल्कि किडनी कैंसर का



खतरा भी कई गुना बढ़ा देती है। अध्ययन के अनुसार, जिन मरीजों को यह सिंड्रोम था, उनमें जीवनभर फेफड़े फटने का जोखिम 37प्रतिशत तक देखा गया। वहीं, सिर्फ एफएलसीएन जीन में बदलाव वाले लोगों में यह खतरा घटकर 28प्रतिशत रह गया। किडनी कैंसर के मामले में, बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम से ग्रसित लोगों में यह खतरा 32प्रतिशत था, जबकि केवल इस जीन वाले लेकिन स्वस्थ लोगों में यह महज 1प्रतिशत पाया गया। प्रोफेसर मार्सिनियाक का कहना है कि यह देखकर हैरानी होती है कि केवल खराब जीन वाले लोगों में बीमारी का खतरा अपेक्षाकृत कम है, जिससे संकेत मिलता है कि बीमारी के लिए अन्य कारक भी जिम्मेदार हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि लंबे और दुबले-पतले युवा पुरुषों में फेफड़ा पंक्चर होने की संभावना अधिक होती है, हालांकि अधिकांश मामलों में यह समस्या अपने आप ठीक हो जाती है। अगर कोई व्यक्ति सामान्य लक्षणों के बिना इस समस्या से जूझता है, तो डॉक्टर एमआरआई की मदद से फेफड़ों में मौजूद गांठों की जांच करते हैं। यदि बर्ट-हॉग-डुबे सिंड्रोम की पुष्टि हो जाए, तो इससे परिवार के अन्य सदस्यों में भी किडनी कैंसर का जोखिम पहचाना जा सकता है।

## फोटो ऑफ द डे



दोहा में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह से मुलाकात की। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# होना चीयर बालाओं का

अनूप शुक्ला

आज नहीं तो कल मैच के लिए चीयरबालाएँ अपरिहार्य हो जाएँगी।

उनका रूप कैसा होगा हमें पता नहीं लेकिन हमें कल्पना के घोड़े दौडाने से कौन रोक सकता है।

किसी क्रिकेट मैच के पहले टीम की घोषणा होगी तो लोग कहेंगे, हमें खिलाड़ी में इंटरेस्ट नहीं है। चाहे पोवार को लो या हरभजन को। हमें ये बताओ कि चीयर कौन करेगा? कायदे का चीयर न हुआ तो समझ लो गया मैच हाथ से।

क्रिकेट की कमेंट्री के साथ-साथ चीयरबालाओं की भी कमेंट्री होने लगे शायद। कमेंट्रेटर चीयरिंग अप का आँखों देखा हाल सुनाते हुये बोले-

अब मैच शुरू होने वाला है। गेंदबाज रन अप पर। बल्लेबाज क्रीज पर। चीयरबालाएँ तैयार। चीयरबालाओं के वर्णन के लिये रीतिकाल विशेषज्ञ आने ही वाले हैं। तब तक हम शुरू होते हैं।

चीयर बाला ने तीन ठुमके बायीं तरफ़ की पब्लिक के लिए लगाए। जनता चौथे ठुमके की आशा में थी लेकिन उसने चौथी बार रिवर्स ठुमका लगा दिया है और ये दायीं तरफ़ की जनता के कलेजे के पार।

-ये बहुत सीनियर चीयरबाला हैं। सालों तक क्रिकेट की सेवा की है। कई बार इनके उत्साही ठुमकों कारण क्रिकेट की टीम बची है। कभी-कभी लोग कहने लगते हैं कि इनको जो करना था कर चुकीं लेकिन अभी भी इनके अन्दर दो तीन साल के ठुमके बचे हुए हैं। जब ज़रूरत नहीं होती तब वे अपना शानदार 'चीयर' निकाल के सामने दिखा देती हैं।

-युवराज सिंह बल्लेबाजी ठीक से कर नहीं पा रहे हैं। उन्होंने चीयरबालाओं के कप्तान को इशारा किया है। चीयरबालाओं का स्थान परिवर्तन हो रहा है। वही कम्बीनेशन जमा दिया गया है जिसको देखते हुए पिछ्ले मैच में उन्होंने धुआँधार बल्लेबाजी की थी। और ये छ्क्का।

-पहला पावर प्ले शुरू होने वाला है। युवा चीयरबाला? को स्टैंड के सामने से हटाकार ठीक बैट्समैन के सामने लगा दिया गया है। बल्लेबाज को बहुत सावधान होकर खेलना होगा। ज़रा-सी चूक होते ही वे विकेट के नज़दीक से हटकर चीयरबाला के नज़दीक से होते हुए पवेलियन तक जा सकते हैं।

-चीयरबालाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास। पिछला मैच उन्होंने, जो भारत की टीम लगभग हार चुकी थी, केवल अपनी चीयरिंग से जितवा दिया था। उनको देखकर खिलाडियों की साँसें सेन्सेक्स की तरह ऊपर-नीचे हो रही हैं।

-ये एकदम साफ़ मामला था। अम्पायर एकदम पास में खड़े थे। लेकिन चूँकि उनका ध्यान चीयरग्रुप की तरफ़ था इसलिए वे खेल को देख नहीं पाए। उन्होंने तीसरे अम्पायर की सेवा लेने का फ़ैसला लिया है। लेकिन अफ़सोस कि वहाँ से भी कुछ पता नहीं चला पाया क्यों कि सभी कैमरे भी चीयरग्रुप के ऊपर लगे हुए थे। आखिर में दोनों कप्तानों की सहमति से खिलाड़ी के आउट/नाटआउट होने का निर्णय टास उछाल कर किया जा रहा है।

## चिंतन-मनन

# संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है।

इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुत~इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है। इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

## रोचक

# गर्मी में तरबूज, खरबूजा, खीरा और संतरा का सेवन फायदेमंद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** झुलसाती गर्मी में शरीर को स्वस्थ बनाए रखना बड़ी चुनौती बन चुका है। ऐसे में मशहूर डाइटिशियनों ने कुछ खास सुझाव दिए हैं जो इस मौसम में खुद को फिट रखने में मददगार हो सकते हैं। डाइटिशियनों का कहना है कि गर्मी में खानपान में छोटे-छोटे बदलाव करके शरीर को न सिर्फ ठंडक दी जा सकती है, बल्कि बीमारियों से भी बचाव किया जा सकता है। डाइटिशियन मुताबिक, गर्मी में उन फलों का सेवन बढ़ाना चाहिए जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो। तरबूज, खरबूजा, खीरा और संतरा जैसे रसीले फल शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ डिहाइड्रेशन से भी बचाते हैं। इसके अलावा हरी सब्जियों को रोजाना के आहार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने खासतौर पर तली-भुनी और मसालेदार चीज़ों से दूरी बनाने की सलाह दी, क्योंकि यह पाचन तंत्र पर असर डालती हैं और गर्मी में शरीर को और कमजोर बना सकती हैं। शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी जैसे प्राकृतिक पेय शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं और एनर्जी भी बनाए रखते हैं। सुबह के नाश्ते में अंकुरित चना या दालें लेना लाभकारी होता है। उन्होंने बताया कि सुबह का नाश्ता जल्दी करें, दोपहर का भोजन दोपहर 12 बजे तक कर लें और रात का खाना हल्का व जल्दी खाएं।

### सेमिनार में खेलों से कॅरियर के प्रति किया जागरुक

**खरगोन, ईएमएस।** खेलों बढ़ो अभियान योजना का सेमिनार मांगरुलोड़ स्थित स्कूल में आयोजित किया गया। इसमें करीब 450 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बास्केटबॉल कोच उच्छमसिंह रावत ने अपने खेल की जानकारी दी। हॉकी कोच राकेश अंथनकर ने हॉकी खेल के लिए प्रेरित किया।

### 23 अप्रैल से शुरू होगा निःशुल्क संस्कार शिविर

**खरगोन, ईएमएस।** हिंदू संस्कृति एवं संस्कार संस्था द्वारा 9 से 15 वर्ष की आयु के बालक.बालिकाओं के लिए निः शुल्क संस्कार शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर 23 अप्रैल से 23 मई तक शहर के मध्य स्थित गायत्री मंदिर परिसर में शाम 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा। संस्था के राजू शर्मा, अशोक दीक्षित और अमित कौशल ने बताया कि शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, जीवनशैली, व्यवहारिक ज्ञान एवं योग आदि की शिक्षा दी जाएगी।

## फटाफट खबरें

### होम्योपैथी दिवस पर चिकित्सा शिविर आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्टर के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार धाकरे मार्गदर्शन में जिला की 3 होम्योपैथी शासकीय होम्योपैथिक संस्थानों में विश्व होम्योपैथी दिवस पर होम्योपैथी के जनक डॉ हैनीमैन की पूजा अर्चना कर स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए ग्रामीणजन, आम लोगों एवं पेंशनरों एवं वृद्ध जनों का निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं निःशुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर में कुल 824 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। शिविर में आयुष विभाग के आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सेवाएं दी गई।

### संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण



**मैहर, ईएमएस।** ग्राम पंचायत डेल्हा में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने टीन शेड के लिए 15 लाख की राशि देने की भी स्वीकृति प्रदान की गई। कार्य म में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला मंत्री कुलदीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष मोनिका दहायत, सरपंच अभिषेक जायसवाल, सचिव बीएल चैधरी, सागर गर्ग, तुलसीदास कुशवाहा एवं मुन्नालाल साकेत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### एक जुलाई से शुरु हो नया शिक्षा सत्र, सीएम एवं शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा

**खरगोन, ईएमएस।** मध्य प्रदेश में पूर्व वर्षो की भांति स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए नया शिक्षा सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ किया जाए। इस आशय का पत्र राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को लिखा है। पत्र में लिखा है कि वर्तमान में 1 अप्रैल से शिक्षा सत्र प्रारंभ करने के आदेश जारी किए हैं, लेकिन शिक्षको के अथक प्रयासों के बावजूद भी सरकारी स्कूलो में विद्यार्थियों की संख्या नगण्य रहती है, पूरे प्रयासों के बावजूद विद्यार्थी स्कूलों से दूरी बनाए रखते हैं। यह पूरे प्रदेश के स्कूलों की वास्तविकता है। पूर्व वर्षों की भांति ही 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं मार्च माह में ली जाए एवं कक्षा एक से आठ तक एवं 9 वी एवं 11वीं की परीक्षा अप्रैल माह में ही ली जाए और 30 अप्रैल को पूर्व वर्षों की भांति परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। आगामी सत्र से शिक्षकों के लिए भी एक मई से 30 जून तक अवकाश घोषित किया जाए।

---

**कॉल डिटेल और बैंक खातों से पकड़ा अंतर जिला गिरोह**

# ऑनलाइन सट्टेबाजी का खुलासा, 9 आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर, ईएमएस।**



आईपीएल सट्टेबाजों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 23 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी में सट्टा लगाने के आरोप में गौरव जैन उर्फ गोलू बगिया को 8 अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मामले में धारा 112, 49 भारतीय न्यायिक संहिता और धूत क्रीड़ा अधिनियम की धारा 4(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया। जांच के दौरान गौरव जैन के कॉल रिकॉर्ड और बैंक खातों की जांच की गई। इससे अशोकनगर के दो और आरोपी चिराग जैन और राहुल जैन का इस सट्टा नेटवर्क से जुड़े होने का खुलासा हुआ। गौरव जैन और चिराग जैन को हाल ही में गुना में भी ऑनलाइन सट्टेबाजी के मामले में पकड़ा गया था। अशोकनगर पुलिस अब गुना पुलिस के साथ मिलकर इस अंतरजिला सट्टा नेटवर्क के मेन सोर्स की जांच कर रही है। जांच में कई बड़े सट्टा संचालकों के नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

**सर्व समाज ने दिया था ज्ञापन:** बीती 10 अप्रैल को सर्व समाज ने आईपीएल सट्टेबाजी और ऑनलाइन बेटिंग के खिलाफ कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन किया था। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर। सट्टेवाजों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। सर्व समाज का आरोप है कि आजाद खान शहर के बीचों बीच रहकर यह अवैध कारोबार चला रहा है। उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस रैकेट से कई युवक आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। आजाद खान ने इस अवैध धंधे से बड़ी संपत्ति बनाई है। सर्व समाज ने मास्टरमाइंड आजाद खान और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही उनकी संपत्ति जब्त करने की मांग भी की है। कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन, बाजार बंद और चक्का जाम की चेतावनी भी दी गई थी।

**सटोरियों पर करेंगे सख्त कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा आईपीएल सट्टे को लेकर गुना जिले के कैंट थाने में दर्ज हुई एफआईआर के संदर्भ में अशोकनगर के मास्टर माइंड आजाद खान का नाम आने पर कहा कि हमारे यहां सट्टे को लेकर काफी कार्रवाई हुई है। उन्होने बताया कि गौरव जैन, चिराग जैन पकड़े गए हैं इनके खिलाफ भी हमने पहले कार्रवाई की थी। अगर यहां आईपीएल का सट्टा चलते हुए मिलेगा तो, हम उसमें कार्रवाई करेंगे और जो कोई चला रहा होगा, उस पर भी कार्रवाई करेंगे। उल्लेखनीय की पुलिस अधीक्षक श्री जैन आईपीएल सट्टे को लेकर काफी सख्त रुख अख्तियार किए हुए हैं और यही वजह है कि इन दिनों से सटोरिये भूमिगत हो गए हैं।

### नगर के हिस्सों का नाम नगर की हस्तियों के नाम पर रखें जाने का पार्षद ने दिया आवेदन

**सिरोंज, ईएमएस।** नगर के विभिन्न स्थानों के नाम सिरोंज की जानी मानी हस्तियों पूर्व मंत्री स्वर्गीय शरीफ मास्टर साहब एवं पूर्व विधायक एंव वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमण भार्गव जी एंव पूर्व हाईकोर्ट जज अभय गोयल जी के नाम पर रखे जाने की वार्ड नंबर 5 के भाजपा पार्षद अजमल शेर खान ने मंगलवार को नगरपालिका कार्यलय में मुख्य नगरपालिका अधिकार राम प्रकाश साहू को एक मांग पत्र दिया जिसमें लेख किया गया है कि विगत दिनों हुई नगरपालिका परिषद की बैठक में बजट के बिन्दू क्रमांक 19 में आपके द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों के नाम महापुरूषों के नाम पर रखे जाने का बजट पास हुआ है. जिसमें सार्वजनिक मार्ग, भवन, चौराहों के नाम महापुरूषों के नाम पर नामकरण होना है जिसका बजट 20 लाख रूपये रखा गया है। पार्षद अजमल शेर खान ने आवेदन के माध्यम से मांग की है कि नगर के पूर्व मंत्री स्वर्गीय शरीफ मास्टर साहब एंव पूर्व विधायक एव वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमण भार्गव जी. हाईकोर्ट जज अभय गोयल जी के नाम भी इनमें जोड़े जाये।

# नवागत कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण



**अशोकनगर, ईएमएस।** नवागत कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर पहुंचकर 22वें कलेक्टर के पद पर पदभार ग्रहण किया। नवागत कलेक्टर श्री सिंह 2014 बैच के आईएएस अधिकारी है। इसके पूर्व जिला हरदा कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। कलेक्टर श्री सिंह जिला गुना में अपर कलेक्टर, भोपाल में स्मार्ट सिटी डेवेलमेंट कार्पोरेशन में सीईओ, जिला पंचायत मंदसौर एवं होशंगाबाद में जिला सीईओ, जतारा एवं निवाडी में एसडीएम के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नवागत कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के हर संभव प्रयास किये जायेगें। जिले में पर्यटन को बढावा देने तथा जिले के विकास के लिए नये आयाम स्थापित किये जायेगें। इस अवसर पर तत्कालीन कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा नवागत कलेक्टर आदित्य सिंह का स्वागत कर पदभार सौंपा गया।

**अधिकारियों से किया परिचय प्राप्त**

नवागत कलेक्टर आदित्य सिंह ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिला पंचायत सीईओं राजेश जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर एवं सोनम जैन, डिप्टी कलेक्टर शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीएम बृजविहारी श्रीवास्तव, मुंगावली एसडीएम मनीष धनगर से परिचय प्राप्त कर जिले की सामान्य जानकारी ली।

---

**आपस में भिड़े दो भाजपा नेताओं के परिवार**

## दोनो पक्षों ने थाने में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग, पुलिस कर रही जांच

**अशोकनगर, ईएमएस।** सोमवार रात विदिशा रोड स्थित पंजाब एग्रो के पास दो भाजपा नेताओं के परिवार आपस में उलझ गए। जानकारी अनुसार एक अशोकनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष का परिवार है और दूसरा मुंगावली विधायक के चचेरे भाई का परिवार है। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए सिटी कोतवाली में आवेदन दिए हैं। विवाद बारात निकलने के दौरान हुआ। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच करने की बात करते हुए कुछ भी कहने से बच रही है।

दरअसल सोमवार की रात भाजपा अशोकनगर मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी के चाचा सूर्यकांत त्रिपाठी के पुत्र का विवाह विदिशा रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में था। वहीं दूसरे पक्ष का कार्यक्रम विदिशा रोड पर ही एक अन्य मैरिज गार्डन में था। सोमवार रात में बारात निकालने के दौरान किसी बात पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जिसमें मुंगावली विधायक के चचेरे भाई दर्शन सिंह यादव के बेटे का झगड़ा हो गया और बात मारपीट तक जा पहुंची। सड़क पर करीब एक घंटे तक हंगामा चलता रहा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष शर्मा, देहात थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान, एसडीओपी विवेक शर्मा एवं टीआई नरेंद्र त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बात की और स्थिति को संभाला। झगड़े की खबर लगते ही दर्शन सिंह भी मौके पर पहुंचे, जिन्हें पुलिस ने समझाइश दी। विवाद की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और बारात को गार्डन की ओर रवाना करवाया गया। देर रात तक पुलिस मौके पर तैनात रही।

### प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी निकाला गया भव्य विशाल हनुमान जी का झंडा

**सीहोर, ईएमएस।**

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंगलवार को हनुमान झंडा उत्सव समिति सीहोर द्वारा हनुमान जी का विशाल एवं भव्य झंडा भोपाल नाके स्थित हनुमान मंदिर से इंग्लिशपुरा कोतवाली चौराहे शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मानकमेध्वर मंदिर तक निकाला गया हनुमान जी के भव्य एवं विशाल झंडे में शहर के हजारों भक्त गण एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे सभी ने झंडे में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया। हनुमान झंडा उत्सव समिति सीहोर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष हनुमान जी का झंडा मंगलवार को भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से निकाला जाता है जिसमे शहर के हजारो लोग शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करते है। झंडे का सीहोर के सेखड़ों नागरिक पुष्प माला से स्वागत करते है झंडे के प्रारंभ से पहले आरती प्रारंभ होती है उसके बाद झंडा निकाला जाता है।

## जिला पंचायत ने सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं

**अशोकनगर, ईएमएस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना एवं निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में आवेदकों से विभिन्न समस्यामूलक 115 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मुकेश कुमार द्विवेदी, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, डिप्टी कलेक्टर शुभ्रता त्रिपाठी सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम बलनाई निवासी लालाराम अहिरवार द्वारा निजी खाते की भूमि पर



ग्राम के दबंग द्वारा कुटीर बनाये जाने,ग्राम वैडारी थाना कोलारस निवासी राधाबाई द्वारा राहत राशि दिलाये जाने, ग्राम धीरा चक्क निवासी रामसिंह सहरिया द्वारा मां के स्वामित्व की भूमि वापिस दिलाने, ग्राम अथाईखेडा निवासी आनन्दीलाल द्वारा शासकीय रास्ता रोकने एवं लोगो द्वारा कब्जा करने, अशोकनगर निवासी बादामी बाई द्वारा बामीरी हेतु आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम कुअरपुर निवासी विश्राम सिंह लोधी द्वारा जमीन से अतिक्रमण हटवाये जाने, ग्राम बाबूपुर निवासी दशरथ आदिवासी द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने, अशोकनगर निवासी जानकी कुशवाह द्वारा संबल योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम बहेरिया निवासी सतवीर जाटव द्वारा बीएड फीस जमा करने हेतु फॉर्म अप्रूव करवाने, ग्राम बर्रा निवासी कन्छेदी आदिवासी द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने, ग्राम रूहाना निवासी राकेश सिंह यादव द्वारा शासकीय नाला से अतिक्रमण हटवाये जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने गेहूं खरीदी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए व्यवस्था नहीं होने का गंभीर मुद्दा उठाया



**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सोमवार को माखन नगर क्षेत्र के गेहूं उपार्जन खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। महासंघ के पदाधिकारी केंद्रों पर पहुंचे और किसानों के लिए ठंडा पानी, बैठने के लिए छाया,जगह उपलब्ध कराने सहित अन्य सुविधा देने की बात कही। महासंघ के पदाधिकारियों ने कारपोरेशन की अधिकारी बीएम श्वेता पवार से मौके पर मुलाकात कर अव्यवस्था को लेकर शिकायत की और जल्द ही किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। महासंघ ने आदीदेव वेयरहाउस बुधवाड़ा , श्रीराधा कृष्ण वेयरहाउस काजलखेड़ी , बाबा वेयरहाउस गुर्जरवाड़ा , मां नर्मदा कृपा वेयरहाउस गुर्जरवाड़ा , आरती वेयरहाउस आंखमऊ आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा,बाबूलाल यादव, दशरथ मालवीय, सियालाल यादव, मनीष मीणा, नरेंद्र मालवीय मुकेश राणा एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## असामाजिक तत्व, किसी भी संगठन के हों, उन्हें चिन्हित कर की जाएगी सख्त कार्रवाई : आईजी

**गुना, ईएमएस।** हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान हुए पथराव की घटना के तीसरे दिन भी गुना शहर में तनाव की स्थिति बनी रही। इसी के मद्देनज़र ग्वालियर जोन के आईजी अरविंद सक्सेना एवं डीआईजी अमित सांघी सोमवार को गुना पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने कलेक्टर और एसपी के साथ मिलकर शहर के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि हालात पर नियंत्रण के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में आईजी सक्सेना ने पत्रकारों के सवालों का विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि समाज में शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी चाहे किसी भी पक्ष का हो, उस पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती के दौरान हुई घटना में अब तक 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और जांच प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष रूप से काम कर रही है और सभी पक्षों को कानून पर भरोसा रखना चाहिए। जिन लोगों को चोट पहुंची है या जिनकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, उनके द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। आईजी ने यह भी कहा कि यदि किसी मामले में जांच की आवश्यकता महसूस होती है, तो उसे विधि के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा। दोपहर में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में हुए पथराव की घटना पर उन्होंने कहा कि पुलिस ने संज्ञान ले लिया है और संबंधित लोगों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए असामाजिक तत्वों चाहे वह किसी भी संगठन से जुड़े हो, उनकी पहचान कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों से बांड भरवाया जाएगा ताकि वे आगे किसी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि में शामिल न हों। जुलूस की अनुमति को लेकर पूछे गए सवाल पर आईजी ने कहा कि जांच में सामने आया है कि आयोजन के लिए 7 तारीख को आवेदन दिया गया था, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि हनुमान टेकरी पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था क्योंकि यह जिला स्तरीय बड़ा धार्मिक आयोजन था। गुना की सामाजिक समरसता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग हमेशा से सौहार्द के साथ रहते आए हैं।

### जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई



**सिरोंज, ईएमएस।** जनपद सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दे उठाए गए जनपद सदस्यों के द्वारा अनु उपस्थित विभागों के प्रति घोर नाराजगी व्यक्त की गई बार-बार विभागों के अनुपस्थित होने से जनपद सदस्यों ने अधिकारियों पर सीधा आरोप लगाया कि वह जब जनपद की सामान्यसभा जैसी जन सरोकार से जुड़ी बैठकों में नहीं आ रहे हैं तो वह जनता के प्रति कितने जवाब देह होंगे। वहीं जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव द्वारा 'एक देश एक, चुनाव' का प्रस्ताव जनपद की सामान्यसभा में लाया गया जिसको सभी सदस्यों ने ताली और मेज बजा कर समर्थन किया वही कलेक्टर यादव ने जनपद में कुल बने अमृत सरोवरों की जानकारी ली और पूछा कितने अमृत सरोवर में अभी पानी मौजूद है तो इस सवाल का जवाब कोई भी अधिकारी कर्मचारी नहीं दे सका

## हाईवे पर ट्रकों को रोककर करते थे लूटपाट, 5 बदमाश गिरफ्तार

**खरगोन, ईएमएस।** नेशनल लाईवे पर आवाजाही करने वाली ट्रक के चालक-परिचालकों के साथ ही राहगिरों के साथ लूटपाट करने वाली गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गैंग के पांच आरोपी पुलिस गिरफ्त में आए है। इनसे ट्रक ड्राइवर से लूटे 14700 रुपए नगदी, मोबाईल एवं घटना मे प्रयुक्त की गई बैलेनो जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 12 अप्रैल रात को काकड़दा पुलिस चौकी पर ट्रक चालक ने सूचना दी की ग्राम बाकानेर में नए आगरा.मुंबई हाईवे रोड की थ्री लेन पर नए ओव्हरब्रिज से करीबन 200 मीटर पहले रोड किनारे 03.04 व्यक्ति खड़े थे, जिन्होने मेरे ट्रक को रोकने की कोशिश की लेकिन मैने ट्रक नहीं रोका तो उन्होने मेरे ट्रक पर पत्थर मारे जो मेरे ट्रक के सामने वाले कांच और कंडक्टर साईड वाले कांच में लगे जिससे दोनो कांच फूट गए। मौके पर बलोनो कार क्रमांक एमपी एमपी 09 एजी 8816 भी खड़ी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम मौके पर पहुंची, सर्चिंग के दौरान चौकी काकड़दा पर एक और



अन्य फरियादी ट्रक ड्राइवर ने सूचना दी किए ग्राम काकडदा दरगाह के पास आगरा.मुंबई हाईवे रोड पर मुंबई से इंदौर की ओर जाने वाली लेन में एक बलेनो कार चालक ने मेरे ट्रक को ओव्हरटेक करके कार पलटाकर मेरे ट्रक के सामने अडा दी तो मुझे ट्रक रोकना पड़ा कार में से 03.04 लडके जिनकी करीबन 25.30 साल ने ट्रक चढ़कर मारपीट करते हुए 14700 रुपये नगदी व मेरा मोबाईल लूट लिया। दोनो मामले में बलेनो कार की समानता को देखते हुए पुलिस ने कार की तलाश शुरु की, जहां पेट्रोलिंग टीम को एबी रोड पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति जिनके हाथ में पत्थर व डंडे थे व संदिग्ध बैलेनो कार दिखाई दी।

---

**नरवाई जलाने पर जुर्माना लगाने और कार्रवाई के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

## जब भी अधिकारी गांव के भ्रमण पर जाएं तो ग्रामवासियों से जल उपलब्धता के बारे में पूछें : कलेक्टर

**सीहोर, ईएमएस।**

कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अपनी उच्च रैंक बनाए रखें। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि जनपद सीईओ, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पीएचई विभाग सहित अन्य अधिकारी जब भी ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण पर जाए तो वे ग्रामवासियों से पेयजल की उपलब्धता, स्त्रोत और समस्या के बारे में पूछें और पेयजल की उपलब्धता न होने की स्थिति में तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन स्थानों पेयजल संकट की सूचना प्राप्त हो वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश आवश्यकतानुसार पेयजल का परिवहन किया जाए तथा निजी बोर भी अधिग्रहित किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमाजन को पेयजल के लिए कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने बैठक में निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे तथा रेलवे सहित विभिन्न परियोजना के भू-अर्जन और मुआवजा वितरण का कार्य तेजी से करें, ताकि परियोजनाओं का काम जल्द शुरू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टे धारकों के फौती नामांतरण की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक मे कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास के तहत जिले के स्वीकृत लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास के लिए संबंधित अधिकारी शीघ्र भूखंड उपलब्ध कराएं।

### पोस्ट ऑफिस घाट क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया

**नर्मदापुरम (ईएमएस)।** मप्र शासन के गाँव चलो अभियान के अन्तर्गत



आमजन में साफ सफाई स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से सोमवार को प्रातः 9 बजे वार्ड .8 नर्मदापुरम के पोस्ट आफिस घाट पर पूर्व पार्षद जितू तिवारी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता पियूष शर्मा की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विलास नीले ने बताया कि इस अवसर पर पूरे घाट स्थल एवं नर्मदा नदी किनारे फैले कचरे को नगरपालिका की टीम के सहयोग से साफ सुथरा किया गया। इस अवसर कोठी बाजार क्षेत्र के गणमान्यजन, युवाओं एवं समाजसेवी लोगों ने स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। भाजपा नेता पीयूष शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत आमजन में साफ सफाई स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। निश्चित इससे नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न होगी और वह अपने आसपास के क्षेत्र नदी तालाब को स्वच्छ रखने में सहायक होंगे।

## अंधे कत्ल की सुलझी गुत्थी, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बुरहानपुर, ईएमएस।** दो दिन पूर्व इंदौर इच्छापुर हाईवे आईटीआई कॉलेज के निकट शाहपुर निवासी युवक राहुल की निर्मम हत्या का मामला सामने आया था गुतथी उलझी हुई थी क्योंकि जिस प्रकार निर्मम तरीके से युवक की हत्या की गई थी वह रोंगटे खड़े कर देने वाली थी यह मामला पुलिस के लिए चैलेंज बनकर सामने आया था घटना के तुरंत बाद शिकारपुरा पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में अलग-अलग टीम बनाकर इसकी जांच की जा रही थी जिसमें पुलिस को मात्र दो दिनों में ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई जांच में हत्या की सुई मृतक राहुल की पत्नी की ओर जा रही थी जो घटना के बाद से ही फरार थी पुलिस ने इसी को ध्यान में रखकर जब जांच की तो पता चला कि प्रेम प्रसंग के चलते राहुल की पत्नी ने ही उसके प्रेमी और उसके दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया राहुल की पत्नी



ने बाजार जाने के बहाने राहुल को साथ लेकर निकली तथा वापसी में जानबूझकर अपने पैर की चप्पल आईटीआई कॉलेज के निकट गाड़ी से गिरा कर गाड़ी रोकने को कहा गाड़ी रुकते ही प्रेमी के दोस्तों ने राहुल पर हमला कर दिया तथा उसकी हत्या कर दी इस मामले में पुलिस ने चार आरोपीओं भारत उर्फ़ युवराज ललित संतोष तथा मृतक की पत्नी के साथ एक बालक इस प्रकार चार आरोपियों को शिकारपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर अंधे कतल की गुत्थी को सुलझा लिया है जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार ने यहां मीडिया को जानकारी देते हुए बताई है।

### रिवोल्ट मोटर्स ने नेपाल में खोली डीलरशिप

मुंबई (ईएमएस)। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रिवोल्ट मोटर्स ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में अपनी पहली डीलरशिप मंगलवार को खोल दी है। रिवोल्ट मोटर्स के अनुसार कंपनी ने नेपाल के मोटर वाहन उद्योग में अग्रणी नाम एमवी दुगर ग्रुप के साथ रणनीतिक साझेदारी से पड़ोसी देश में कदम रखा है।



### वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 43,01,848 इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चर्स (सियाम) के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में थोक बिक्री 42,18,750 इकाई रही थी। यात्री वाहनों की थोक बिक्री मार्च महीने में 3,81,358 इकाई रही, जो मार्च 2024 के 3,68,090 वाहनों से चार प्रतिशत अधिक है।



## फटाफट खबरें

### अमेरिका चीन से आयात कंप्यूटर चिप, पर बढ़ेगा शुल्क!

**बैंकॉक (ईएमएस)।** अमेरिकी प्रशासन ने चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने की तैयारी शुरु कर दी है, जिसमें कंप्यूटर चिप, चिप बनाने वाले उपकरण और दवा सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने इस आदेश के तहत जांच की घोषणा की है और सार्वजनिक टिप्पणी के लिए नोटिस जारी किया है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले सप्ताह दिए गए आर्डर में चीन से आए उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने की प्रि या को स्थगित कर दिया गया था, लेकिन अब कंप्यूटर चिप और उससे बनने वाले उत्पादों पर भी शुल्क लगाने की योजना बन रही है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस निर्णय के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने का मंत्र बताया है और कंप्यूटर चिप और यहां तक कि कार, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन जैसे दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आयात पर नजर बनाने की योजना बनाई है। इस कदम से अमेरिका के विदेशी व्यापार पर भारी आर्थिक प्रभाव हो सकता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इस निर्णय का समर्थन किया है।

### एईटीएल को मिली दो बिजली आपूर्ति परियोजनाएं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स लिमिटेड (एईटीएल) ने कहा ?कि उसे पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (पीजीवीसीएल) से दो बिजली आपूर्ति परियोजनाएं हा?सिल हुई है। कंपनी ने बयान में कहा ?कि उसे दो प्रमुख बिजली आपूर्ति परियोजनाओं के लिए एल1 (सबसे कम बोली लगाने वाला) के तौर पर चुना गया। इसमें पीजीवीसीएल के नेटवर्क के भीतर दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए 11 केवी (किलोवोल्ट) मध्यम वोल्टेज कवर कंडक्टर तथा उसके सहायक उपकरण की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण व उसे चालू करना शामिल है। एईटीएल बिजली पारेषण, दूरसंचार अवसंरचना व ऊर्जा परिवर्तन समाधान क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है।

### सेंसेक्स 1578, निफ्टी 500 अंक ऊपर आया

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

■ मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। अमेरिकी राष्ट्रति डोनाल्ड ट्रंप के 75 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाये जाने पर अस्थाई रोक के बाद अमेरिकी बाजारों में तेजी आई। इसका सकारात्मक असर भारतीय बाजारों पर भी पडा।। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय एयरटेल जैसे शेयर ऊपर आये।




दिन भर के कारोबार के बाद 30 तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1577.63 अंक करीब 2.10 फीसदी की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में यह 500 अंक तकरीबन 2.19 फीसदी ऊपर आकर 23,328.55 पर बंद हुआ।

इस दौरान निवेशकों की सपत्ति में भी काफी बढ़त रही। कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 412,29,007 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं शुक्रवार को यह 402,34,966 करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों की संपत्ति करीब 10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

बाजार में तेजी का सबसे बड़ कारण ट्रंप की उस टिप्पणी को माना जा रहा है। इसमें उन्होंने ऑटोमोबाइल सेक्टर को टैरिफ से अस्थायी राहत देने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि ऑटोमोबाइल कंपनियों को कनाडा, मैक्सिको और अन्य जगहों से संयंत्र दूसरी जगह ले जाने के लिए समय चाहिए।

आज अधिकर हेवीवेट शेयरों में भी बढ़त रही। इनमें एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्री, भारती एयरटेल, एमएंडएम, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स जैसे शेयर शामिल हैं। इसके अलावा वैश्विक बाजारों में भी ट्रंप की टिप्पणी के बाद सकारात्मक माहौल रहा। जापान का निकेई इंडेक्स 1 फीसदी ऊपर था, ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.37फीसदी ऊपर आया और हांगकांग के हेंगसेंग इंडेक्स में 0.2 फीसदी की तेजी रही

वहीं वॉल स्ट्रीट पर डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.78 फीसदी बढ़कर 40,524.79 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट 0.64 फीसदी उछलकर 16,831.48 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 0.79 फीसदी बढ़कर 5,405.97 पर बंद हुआ। हालांकि, वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स कम कारोबार कर रहा था। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज वायदा 0.2 फीसदी नीचे आया।

इससे पहले आज सुबह बाजारों की लगातार दूसरे दिन जोरदार तेजी के साथ शुरुआत हुई। मंगलवार को बाजार 1600 अंक से ज्यादा उछलकर 76,852.06 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी तेजी के साथ 23,368.35 पर खुला।

# अगले 12 महीने में 25,500 के स्तर को छू सकता निफ्टी, एफएमसीजी और डिफेंस सेक्टर करेंगे लीड

### तेज वृद्धि की स्थिति में, इंडेक्स 27,590 के पास पहुंच सकता है

■ मुंबई (ईएमएस)।

वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच निफ्टी अगले 12 महीने में 25,521 के स्तर को छू सकता है। एक ?रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। वित्तीय सर्विसेज फर्म पीएल कैपिटल के मुताबिक, छोटी अवधि में हॉस्पिटल, फार्मा, रिटेल, बैंकों, चुनिंदा एफएमसीजी, डिफेंस और पावर सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ब्रोकरेज फर्म के अनुसार, नया अनुमान पहले के अनुमान से कम है, लेकिन विस्तार के सेक्टर द्वारा बौद्धिक विश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि आगे चुनौतियों और अवसरों की ओर सफल गति हो सकती है। इस बाजारी रिपोर्ट से अभिप्रेत है कि प्रमुख सेक्टरों का मजबूत और सपोर्ट करना अब अत्यंत जरुरी है। परिस्थितियों के साथ, अद्यतन रिपोर्ट का मानना है कि वैश्विक झटकों के माध्यम से बाजार उभरने में सफल रहेगा और मजबूती दर पर अचरद्ध रहेगी। तेज वृद्धि की स्थिति में, इंडेक्स 27,590 के पास पहुंच सकता है जबकि धीमी गति में, 24,831 तक हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक निफ्टी में हल्की गिरावट देखने की संभावना है जिसका कारण वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बढ़ना और ट्रेड वार की तनावपूर्ण स्थिति है।



रिपोर्ट भविष्य में उम्मीद जताती है कि घरेलू अर्थव्यवस्था पर केंद्रित क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करेंगे जिसमें हॉस्पिटल, फार्मा, रिटेल, चुनिंदा एफएमसीजी कंपनियां, बैंक, डिफेंस और पावर शामिल हैं। विभिन्न क्षेत्रों में स्थिर वृद्धि की उम्मीद है जैसे आईटी, सीमेंट, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर बिजनेस।

विपरीत प्रदर्शन की स्थिति में, वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कुछ क्षेत्रों में अल्पकालिक चुनौतियों की संभावना है। वैश्विक स्तर पर, भारत और यूएसए के बीच एक व्यापार समझौता वास्तविक हो सकता है जिसमें ऑटो, कंज्यूमर गुड्स, डिफेंस, तेल और गैस, शराब और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक डेवलपमेंट देखने की संभावना है।

# डेयरी में दूध की कमी से देशी घी की कीमतों में तेजी

### देशी घी में 500 रुपये प्रति टिन तक की बढ़त



■ जयपुर (ईएमएस)।

उत्तर भारत की डेयरियों में दूध उत्पादन में गिरावट आने से देशी घी की बाजार में कीमत अचानक बढ़ गई हैं। होली के बाद से अब तक ब्रांडेड देशी घी के भाव में लगभग 500 रुपये प्रति टिन तक की बढ़त हो गई है। कारोबारियों ने कहा कि गर्मियों में दूध की कमी और मांग स्थिर रहने से घी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इससे खुदरा विक्रेताओं की गिरावट देखने को मिल रही है, कहां यहां खरीदार भी धीरे-धीरे विचलित हो रहे हैं। जिन लोगों को प्रतिदिन लगभग 10 टिन घी बेचने की आदत थी, वे अब मुश्किल से दो टिन भी बेच पा रहे हैं। इसमें बाजार में और भी तेजी की आशंकाएं शामिल हैं, जो खरीदारों को खरीदारी से पीछे हटा रही हैं। वैश्विक स्तर पर देशी घी की मांग भी बढ़ रही है, जिसमें मिस्त्र सबसे बड़ा आयातक है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा घी उत्पादक देश होता है और सरकार भी इस उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने में रुचि ले रही है। डेयरी विशेषज्ञों के अनुसार भारत में दूध का वार्षिक उत्पादन 23 करोड़ टन तक पहुंच गया है। स्थानीय डेयरी उत्पाद बाजार में कृष्णा घी की कीमत लगभग 8745 रुपये प्रति 15 किलो टिन और महान घी की कीमत लगभग 9000 रुपये प्रति 15 किलो टिन तक पहुंच गई है। बाजार विश्लेषक दर्शाते हैं कि अगर दूध की आवक में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में देशी घी की कीमतों में और भी वृद्धि हो सकती है।

### वाहन शुल्क पर अस्थायी रोक लगा सकता है अमेरिका

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह वाहन उद्योग पर लगाए गए शुल्क पर अस्थायी रोक लगाने पर विचार कर सकते हैं, ताकि कार विनिर्माताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को समायोजित करने का समय मिल सके। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से चर्चा में कहा ?कि मैं कुछ कार कंपनियों की मदद करने के बारे में सोच रहा हूं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को कनाडा, मैक्सिको और अन्य स्थानों से उत्पादन स्थानांतरित करने के लिए समय की जरूरत है क्योंकि वे उनका विनिर्माण वहां करना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें थोड़ा समय चाहिए तो मैं ऐसी चीजों के बारे में बात कर रहा हूं। फोर्ड, जनरल मोटर्स और स्टेलांटिस का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था अमेरिकन ऑटोमोटिव पॉलिसी काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि समूह ट्रंप के घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य से सहमत है।

# सोने की कीमतों में आई तेजी, चांदी के लुढ़के भाव

### सोना 93,343 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 94,760 रुपए



■ नई दिल्ली (ईएमएस)।

देश के सराफा बाजारों में मंगलवार को सोने-चांदी की कीमत में बड़ा बदलाव हुआ है। एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में तेजी जारी है जबकि चांदी खरीदने वालों को थोड़ी राहत मिली है। सोने का भाव 93,343 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। चांदी 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 94,760 रुपए प्रति किग्रा पर है। गौरतलब है कि गोल्डमैन सैक्स ने सोने की कीमत को लेकर नया अनुमान जारी किया है। इस साल सोना इंटरनेशनल मार्केट में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.30 लाख रुपए तक जा सकते हैं। हालांकि ऐसा तभी होगा जब ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाए। अगर ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क एक्स्ट्रीम लेवल पर नहीं पहुंचता है, तब भी सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

# महंगाई दर मार्च में कम होकर 2.05 फीसदी, थोक महंगाई में गिरावट दिखी

■ नई दिल्ली,(ईएमएस)।

भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर मार्च में कम होकर 2.05 फीसदी हो गई है, जो कि फरवरी में 2.38 फीसदी पर थी। वाणिज्य और इंडस्ट्री मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में थोक महंगाई दर के सकारात्मक रहने की वजह मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की कीमतों में इजाफा होना है। 2025 की फरवरी की तुलना में मार्च में महंगाई दर में 0.19 फीसदी की कमी आई है, जो कि महंगाई में कमी को दिखाता है। सरकारी डेटा के मुताबिक फरवरी के मुकाबले मार्च में ईंधन और ऊर्ज समूहों की कीमत में कमी आई, जिससे कारण मार्च में थोक महंगाई में गिरावट देखने को मिली है। बीते हफ्ते आरबीआई गवर्नर ने मौद्रिक नीति का ऐलान करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई दर के अनुमान को 4.2 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया था। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य महंगाई दर में तेज गिरावट के बाद जनवरी-फरवरी 2025 के दौरान मुख्य महंगाई दर में कमी आई है। उन्होंने आगे कहा कि खरीफ की मजबूत आवक के साथ, इससे खाद्य महंगाई दर में स्थायी नरमी आने की उम्मीद है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट महंगाई के आउटलुक के लिए शुभ संकेत है।

## इंदौर बाजार भाव

**इन्दौर (ईएमएस)।** मॉंग ठंडी पड़ने से मंगलवार को अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। उड़द-मूंग में मजबूती रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन 100 रू. प्रतिक्विंटल घटाकर बोला गया। किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला मजबूत हुए। सौंफ में लेवाली रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में ऊपरी स्तरों पर लेवाली कमजोर रहने से बाजार 100-150 रू. प्रतिक्विंटल टूट गये। किन्तु उड़द व मूंग में बाजार मजबूत नज़र आये। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा।

### किराना

शक्कर 4120-4170, खोपरा गोला 190-225, खोपरा बूरा 3800-5800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 258-265, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्चएटम 740-750, गरबल 715-720, मटरदाना 770-795, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 750-780, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1775, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3300, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-1950, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 910-915, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2650, (160) 3040-3100, (200) 3400-3450, (250) 3400-3450,

### खली

रात की धारणा :-गुजरात लुज 1325, मुम्बई पाम 1310, मुम्बई सोया 1300, खली:-कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2225, देवास-उज्जैन 2225, खंडवा-बुरहानपुर 2200, अकोला 3050 (प्रतिक्विंटल)

### तेल

सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1370, राजकोट तेलिया 2150, सोया साल्वेंट 1215-1220, सोया रिफाइंड 1275-1280, कपास्या 1270, धूलिया 1275, कड़ी 1280,

### दलहन

चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6100, एवरेज 5100-5400, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6150-6175, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6500-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

### अनाज

गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि तीज बुधवासरे, अनुराधा नक्षत्रे, व्यय योगे, विव करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, भद्रा 11/24, गणेश चौथ व्रत, चंद्रोदय रात्रि 9/30 मूल प्रारंभ, रात्रि 3 घंटा, 3 मिनिट, सर्वार्थ सिद्ध योग तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

**मेष** – व्यय, बाधा, स्वभाव में उद्विग्नता तथा दुःख, कष्ट अवश्य ही होगा, ध्यान रखें।

**तुला** – मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधन बनें, स्त्री-वर्ग से सुख और शांति बनेगी।

**वृष** – योजनायें पूर्ण होंगी, धन का व्यय, व्यावसायिक लाभ होगा, आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा।

**वृश्चिक** – अग्नि, चोटादि का भय, व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, कार्य बनके रुक जायेंगे।

**मिथुन** – किसी आरोप से बचें, कार्यगति मंद रहेगी, क्लेश व अशांति अवश्य होगी।

**धनु** – तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, विद्वेश व तनाव बना रहेगा।

**कर्क** – इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी।

**मकर** – विवाद ग्रस्त होने बचिये, तनाव, क्लेश, मानसिक अशांति अवश्य होगी।

**सिंह** – मनोबल उत्साह वर्धक होगा, कार्यगति में सुधार होगा, लाभ होगा।

**कुंभ** – धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे।

**कन्या** – साम्थर्य और धन अस्त-व्यस्त हो, सतर्कता से कार्य आप अवश्य निपटा लें।

**मीन** – भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, दिन उत्साह से बीते, मनोवृत्ति उत्तम बनेगी, ध्यान रखें।

## सूडोकु नवताल- 7122

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल -7121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**15 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**मंगलवार** 2025 वर्ष का 105 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 10.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 03.11 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्धि (असृक) 23.33 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.56 बजे तदनन्तर वणिज 00.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872315 **जूलियन दिन** 2460780.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 16 **विशेष** पहेला वैशाख।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.40 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.20 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.18 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.31 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.48 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.59 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.10 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.25 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.46 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 02.33 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.05 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8338



**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -8337 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | ■ | क | ल | र | व |
| क | ■ | छ | ल | क | प | ट | ■ | र |
| रा | ख | ■ | ■ | म | ■ | ■ | बं | दा |
| र | त | ■ | प | ल | क | ■ | दा | न |
| ■ | र | स | ना | ■ | मा | ख | न | ■ |
| त | ना | ■ | ह | म | ल | ■ | वा | स |
| ल | क | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ज | ल |
| घ | ■ | म | न | र | ख | ना | ■ | वा |
| र | म | जा | न | ■ | त | क | दी | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### जम्पा चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हुए

हैदराबाद (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये हैं। जम्पा के कंधे में खिंचाव आया है। इसी कारण राजस्थान रॉयल्स के साथ खेले गए मैच में उन्हें गेंदबाजी के दौरान परेशानी आई। इसके बाद वह स्वदेश लौट गये हैं।

### धोनी से बात करते दिखे गोयनका

लखनऊ (ईएमएस)। यहां लखनऊ सुपर जॉइंट्स और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बीच हुए मैच के बाद सुपर जॉइंट्स के मालिक संजीव गोयनका सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से बात करते हुए दिखे। धोनी ने इस मैच में अच्छी बल्लेबाज करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

# दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला आज

नई दिल्ली (ईएमएस)।




दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली इस सत्र में अब तक एक ही मैच हारी है। पिछले मैच में उसे अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुम्बई इंडियंस से मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अब घरेल मैदान पर होने वाले इस मैच में कैपिटल्स जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है जिससे वह राजस्थान पर भारी पड़ेगी।

पिछले मैच में टीम की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव और युवा विपराज निगम ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह इस सत्र में भी बनाये रखना चाहेंगे। अक्षर पिछले मैच में विकेट नहीं ले ये थे और वह ये कमी इस मैच में पूरी करना चाहेंगे। इसके अलावा वह बल्लेबाजी में भी विफल रहे थे। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय को भी अगर बने रहना तो रन बनाने होंगे। अब तक वह 50 रन भी नहीं बना पाये हैं। पिछले मैच में करुण नायर ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर 82 न बनाये थे। अब इस मैच में भी उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। मध्यक्रम में केएल राहुल ,ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा पिछले मैच में विफल रहे थे पर इस मैच में इनको रन बनाने होंगे।

वहीं दूसरी ओर संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की राह आसन नहीं है। वह छह में से केवल दो मैच ही जीती है, इससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। इस प्रकार वह आठवें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं।

यशस्वी जायसवाल केवल एक मैच में ही अर्धशतक बना पाये हैं। कप्तान सैमसन और रियान पराग व ध्रुव जुरेल भी बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। संदीप शर्मा के अलावा कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाया है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ‑दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगुर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव।

### कप्तान के बचाव में आये बिश्नोई

**लखनऊ (ईएमएस)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपनी टीम के कप्तान ऋषभ पंत का बचाव किया है। इससे पहले चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में अंतिम ओवरों में बिश्नोई को गेंदबाजी नहीं दिये जाने के लिए ऋषभ की आलोचना हुई थी। इसी को लेकर बिश्नोई ने कहा कि कि अंतिम ओवरों में कप्तान के दिमाग में कुछ खास योजनाएं थीं। सीएसके को जब 30 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी और धोनी व शिवम दुबे खेल रहे थे तब ऋषभ ने स्पिनर की जगह पर तेज गेंदबाजों को अवसर दिया पर ये प्रयोग विफल रहा। धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। बिश्नोई ने मैच के बाद कहा, 'मेरी वास्तव में इसको लेकर कप्तान से कोई बात नहीं हुई। मैं दो बार विकेट पर आया पर शायद उनके दिमाग में कुछ और योजनाएं थी। शायद उनका नजरिया कुछ और था।' उन्होंने कहा, 'एक कप्तान हालातों का बेहतर आंकलन कर सकता है तथा विकेट के पीछे खड़े होने के कारण वह चीजों को अच्छी तरह से समझ सकता है। इसलिए मेरा मानना है कि उन्होंने वही फैसला किया जो उन्हें बेहतर लगा।' बिश्नोई ने कहा, ' मेरा चौथा ओवर करवाने को लेकर उनसे कोई बात नहीं हुई। उनका नजरिया स्पष्ट था कि वह क्या करना चाहते हैं।

# महेन्द्र सिंह धोनी ने बताया पिछले मैचों में सीएसके की हार का कारण

लखनऊ (ईएमएस)।



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पांच मैच में मिली हार के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को जीत मिली है। इस मैच में जीत के बाद कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने बताया है कि सीएसके किन कारणों से पिछले मैचों में हारी थी। लखनऊ ने इस मैच में सीएसके को जीत के लिए 167 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे सीएसके ने 20 वें ओवर में हासिल कर लिया। इस सत्र की शुरुआत में सीएसके की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ के पास थी पर वह कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गये। इसके बाद एक बार फिर धोनी को कप्तानी संभालनी पड़ी है।

धोनी ने मैच के बाद कहा, ÷अगर आप पिछले मैचों को देखें तो पावरप्ले हो या वह टीम संयोजन हो या हालत में हम गेंद से संघर्ष कर रहे थे। इसी कारण हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में वह शुरुआत नहीं कर पाए जो हम चाहते थे। साथ ही विकेटों का गिरना भी लगातार जारी था। हम कुछ हद तक गलत समय पर विकेट गंवाते रहे।

इसका एक कारण यह हो सकता है कि हमारा घरेल विकेट थोड़ा धीमा हो। वहीं इस बार हम घर से बाहर खेल रहे थे। ऐसे में बल्लेबाजी इकाई ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। शायद हमें ऐसे विकेट पर खेलने की जरूरत है जो अधिक बेहतर हों जिससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने में आसानी हो। आप डर कर नहीं खेल सकते।

उन्होंने आगे कहा, तब हम अनुभवी स्पिनर आर अश्विन पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहे थे। वह पहले छह ओवर में दो ओवर गेंदबाजी कर रहा था। हमने बदलाव किए और वह बेहतर गेंदबाजी करने लगे। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, हम बेहतर कर सकते हैं। अगर आप अच्छी शुरुआत करते हैं, और आप ऐसे खिलाड़ी हैं जो पारी के अंत तक खेल सकते हैं, तो क्यों नहीं। मुझे लगता है कि शेख रशीद ने आज अच्छी बल्लेबाजी की। वह काफी साल से हमारे साथ है। इस साल वह नेट्स में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। यह तो बस शुरुआत है।

## ऋषभ के बिश्नोई को अंतिम ओवरों में गेंदबाजी नहीं देने पर उठे सवाल

**लखनऊ (ईएमएस)।** लखनऊ सुपर जाएंट्स को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में अपने घरेल मैदान पर ही हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत के अंतिम ओवरों में अपने स्पिनर रवि बिश्नोई का इस्तेमाल नहीं करने पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस मैच में जब सीएसके को जब अंतिम 4 ओवरों में 44 रनों की जरूरत थी तो सुपर जाएंट्स के कप्तान के पास बिश्नोई का एक ओवर था पर उन्हें नहीं दिया गया जबकि इस स्पिनर ने अपने पहले 3 ओवर में ही केवल 18 रन देकर दो विकेट लिए थे। इसके बाद भी कप्तान ने उनकी जगह पर तेज गेंदबाजों -शार्दुल ठाकुर और आवेश खान को गेंदबाजी के लिए बुलाया



और यही फैसला उन्हें भारी पड़ गया। मैच के बाद कप्तान ने कहा कि उन्होंने बिश्नोई के इस्तेमाल के लिए कई खिलाड़ियों से चर्चा की थी पर ऐसा हो नहीं पाया। पावरप्ले में हम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पायेहै हालांकि हम चीजों को वापस ला सकते हैं। एक टीम के तौर पर हम हर मैच से सकारात्मक चीजें लेना चाहते हैं और सुधार करने के प्रयास कर रहे हैं। इस मैच में ऋषभ ने 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी पर उनका मानना है कि टीम ने 10-15 रन कम बनाए थे।

# आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाएगी भारतीय टीम

मुम्बई (ईएमएस)।




भारतीय क्रिकेट टीम का आगे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। टीम को आईपीएल के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इससे 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। भारतीय टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं पहुंच पाई है इसलिए उसका लक्ष्य नये सत्र की अच्छी शुरुआत करना रहेगा। इसके अलावा भारतीय टीम 18 साल के अंतराल के बाद पटौदी ट्रॉफी भी जीतना चाहेगी क्योंकि 2021-22 में वे इसे बहुत कम अंतर से हार गए थे। यह सीरीज रेड-बॉल क्रिकेट में देश के लिए नई शुरुआत भी कर सकती है क्योंकि 2024-25 सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इसमें एक नया कप्तान टीम की कमान संभाल सकता है। वहीं सफेद गेंद क्रिकेट में ध्यान टी20आई क्रिकेट पर रहेगा क्योंकि 2026 टी20 विश्व कप अगला आईसीसी टूर्नामेंट है। भारत का लक्ष्य इसमें अपने घरेलू मैदान पर अपने खिताब की रक्षा करना होगा। इस प्रतियोगिता की सह मेजबानी श्रीलंका भी करेगा। अगले 12 महीनों में, भारत नौ टेस्ट मैच और 12 वनडे मैच खेलेगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम एशिया कप और टी20 विश्व कप के मैचों के अलावा 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलेगी।

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर 21 जून से 4 अगस्त 2025 के बीच 5 टेस्ट मैच खेलेगी। अगस्त में ही भारत को बांग्लादेश के दौरे पर 3 वनडे और इतने ही मुकाबलों की टी20 सीरीज खेलनी है। वहीं सितंबर 2025 में एशिया कप का आयोजन किया जाना है। वेस्टइंडीज की टीम 2 टेस्ट मैच खेलने अक्टूबर में भारत दौरा करेगी। इसके बाद टीम इंडिया अक्टूबर - नवंबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी यहां 3 एकदिवसीय और 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी जबकि अंत में उसे दक्षिण अफ्रीका ओर न्यूजीलैंड से खेलना है।

## बैशाखियों पर होने के बाद भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे द्रविड़

मुम्बई (ईएमएस)।



पूर्व क्रिकेटर और रॉजस्थान रॉयलस के कोच राहुल द्रविड़ पैर में चोट के बाद भी आजकल आईपीएल में अपनी जिम्मेदारी निभाते दिख रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हुए मुकाबले में भी वह बैशाखियों के सहारे मैदान पर पहुंचे और उन्होंने खिलाड़ियों से भी हाथ मिलाया हालांकि इससे पहले विराट कोहली ने उनसे आग्रह किया था कि वे ऐसी हालत में मैदान पर न जाएं पर द्रविड़ ने कोहली की भावुक अपील को मानने के बजाय खेल भावना को ऊपर रखा। वह मैदान पर गए और खिलाड़ियों से मिले। द्रविड़ के इस जज्बे ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। द्रविड़ को पैर में चोट बेंगलुरु में आईपीएल शुरू होने से पहले क्रिकेट खेलते समय लगी थी, लेकिन इसके बावजूद वह अपने टीम के अभ्यासा सत्र में भी पूरी पर मैदान पर रहे। राजस्थान और आरसीबी मैच से पहले कोहली और द्रविड़ की मुलाकात का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले हुए सीएसके के मैच में महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी द्रविड़ से मुलाकात की थी। द्रविड़ भारतीय टीम के पूर्व कप्तानी और कोच रहे हैं और सभी खिलाड़ी उनका बेहद सम्मान करते हैं।

# मुझे आईपीएल में पुराने अनुभवों का लाभ मिला : करुण

मुम्बई (ईएमएस)।



आईपीएल के इस सत्र में शानदार पारी खेलकर वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा है कि उन्हें अपने पुराने अनुभवों का लाभ मिला। इसलिए उन्हें सत्र के पहले मैच में कोई परेशानी नहीं आई। इसका कारण है कि वह मानसिक रुप से खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। करुण तीन साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे, ऐसे उनके प्रदर्शन को लेकर आशंकाएं जाहिर की जा रहीं थी।

करुण ने 2022 में अंतिम बार आईपीएल खेला था। उसके बाद उन्हें अवसर नहीं मिला था हालांकि घरेलू क्रिकेट में इस बची उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वापसी के अपने पहले ही मैच में करण ने अपनी 89 रनों की पारी से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसो गेंदबाज पर भी जमकर शॉट लगाये। एक ओवर में बुमराह पर दो छक्के लगाने की क्षमा सभी में नहीं होती पर करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिए विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाए। इस कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ था। करूण ने कहा, 'मुझे आईपीएल में पहले खेलने का लाभ मिला। इससे मुझे पता था कि कैसे खेलना है। मेरे लिए कुछ भी नया नहीं था। मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी। वर्ष 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे करूण ने पावरप्ले के दौरान पारंपरिक शॉट्स खेलने के बारे में कहा, 'मैं अपने से यही कह रहा था कि समय दो, आम शॉट खेलो और उसके बाद तेजी से खेल सकते हो। सब कुछ वैसे ही हुआ। पिछले चार मैचों में मौका नहीं मिलने के बावजूद उन्हें भारोसा था कि उन्हें मौका मिलेगा और इसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया। उनका करियर भी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। भारतीय टीम इंडिया से बाहर होने के बाद न उन्हें आईपीएल में मौका मिला और न ही घरेलू टीम कर्नाटक ने शामिल किया था।

## आईपीएल के पिछले सत्र का एक रिकार्ड अब तक नहीं टूटा

**मुम्बई (ईएमएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले जारी है। है। पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी जमकर रन बरस रहे हैं। पिछले सत्र में एक मैच में सबसे अधिक 549 रन बने थे और ये रिकार्ड अब तक बना हुआ है। इस सत्र में अब तक एक मैच में कुल 523 रन ही बने हैं। इस सत्र में पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 286 रन बनाये थे। इसके बाद लगा था कि टीम बाद के मैचों में 300 रनों का आंकड़ा हासिल करेगी पर ऐसा हुआ नहीं। इससे पहले सनराइजर्स ने पिछले सत्र में भी 287 रन बनाये थे। 2024 के इस मैच में कुल मिलाकर सबसे अधिक रन बने थे। तब पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने ट्रैविस हेड के तूफानी शतक से 20 ओवर में 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। हेड के अलावा हेनरिक क्लासेन ने भी अर्धशतक लगाया था। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की धीमी शुरुआत की टीम ने 10 ओवर में 122 ही बनाये। इसके बाद दिनेश कार्तिक ने 35 गेंदों पर ही 83 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया हालांकि वह उसे लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाये। आरसीबी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 262 रन बनाए। इस प्रकार एक ही मैच में कुल 549 रन बने। अब तक चार बार आईपीएल में 500 से अधिक रन बने हैं।

## गावस्कर ने पाटीदार के रवैये की प्रशंसा की



मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर प्रशंसा की है। गावस्कर ने कहा है कि पाटीदार ने काफी अच्छी कप्तानी की है। उनके सहज रवैए से टीम ने इस सत्र में अब तक अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। पाटीदार ने टीम में नया उत्साह जगह है जिससे वह बड़े हुए मनोबल से उतर रही है। इस बार आरसीबी ने 17 साल के बाद चेन्नई के चेपॉक में जीत हासिल करने के अलावा वानखेड़े स्टेडियम में भी जीत हासिल की है। वानखेड़े में ये जीत टीम को पिछले सत्रों में छह मैचों की हार के बाद मिली है।

गावस्कर ने कहा,''कप्तान के रूप में पाटीदार काफी कुशल हैं। उनकी टीम ने पिछले 17 साल में खिताब नहीं जीता है और अब उसके खिलाड़ी समझ रहे हैं कि जीतने के लिए क्या करना चाहियेहै। एक सहज और संयमित कप्तान के साथ टीम के साथ जुड़े अन्य खिलाड़ी भी अपनी ओर से सवश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास कर रहे हैं।'' गावस्कर ने टीम मेंटर दिनेश कार्तिक के कामकाज को भी सराहा। उन्होंने कहा, ''आरसीबी के पास कई अनुभवी लोग हैं जो हमेशा सहायता करने के लिए तैयार रहते हैं। उसके पास मजबूत सहयोगी स्टाफ है। उसके सहयोगी स्टाफ में कार्तिक जैसा व्यक्ति है जिसके प्रभाव को लेकर लोगों को अधिक जानकारी नहीं है।''

गावस्कर ने कहा, '' कार्तिक ऐसे मेंटर हैं जो युवा खिलाड़ियों के साथ समय बिताते हैहै। उनका मार्गदर्शन करते है और उन्हें जरुरी सलाह देते हैं। पाटीदार की को एक ऐसी टीम मिली है जो जीत चाहती है। '' साथ ही कहा कि अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहले के बड़े शॉट खेलने से भी काफी अलग प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा, ''कोहली इस बार शुरू से ही लंबे शॉट खेलने का प्रयास कर रहे हैं जबकि पहले वह अपनी पारी में बाद में इस तरह के शॉट खेलते थे। इससे भी टीम के आक्रामक इरादों का अंदाज होता है। '' वहीं गावस्कर ने कहा कि खराब फार्म से जूझ रहे मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अपने शॉट चयन पर ध्यान दें। उन्होंने कहा,''जब वह पावर प्ले में आउट हो जाता है, तो दुख होता है। फिर चाहे वह मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहा हो या भारत के लिए।''

## धोनी ने क्यूरेटर से अच्छी पिच बनाने कहा

**लखनऊ (ईएमएस)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स पर जीत के बाद कहा है कि बल्लेबाजों को अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभानी होगी। सीएसके को पांच मेचों में हार के बाद जीत मिली है। उसे इस सत्र में अपने चेन्नई के चेपॉक मैदान में भी हार मिली थी। इसी को देखते हुए अब धोनी ने चेपॉक के क्यूरेटर से अच्छी पिच तैयार करने को कहा है। जिससे उनके बल्लेबाज ठीक से शॉट खेल पायें। धोनी ने कहा कि घरेलू पिच में समस्या है। इसका पता इससे चलता है कि लखनऊ के मैदान पर टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। धोनी ने कहा, 'एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। वहीं इस बार जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की जरूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का भरोसा मिलेगा ओर वे निडर होकर खेल सकेंगे। धोनी ने माना है कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर तरीके से निभानी होंगी। उन्होंने कहा, 'जीतकर अच्छा लग रहा है।

# सलीमा की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी हॉकी टीम

नई दिल्ली (ईएमएस)।



मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी इंडिया इसी माह पांच मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए पांच नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। भारतीय टीम इस दौरे में 26 अप्रैल से चार मई तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेलेगी। इस दौरे से नये खिलाड़ियों को भी अपने को साबित करने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम भारत इस दौरे में पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से खेलेगी और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी। सभी पांच मैच पर्थ स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। इस दौरे से टीम को जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए भी अवसर मिलेगा। इस बार टीम में पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार शामिल किया गया है। इस प्रकार टीम में अनुभवी और नए खिलाड़ी दोनो ही शामिल हैं। टीम की कप्तानी जहां सलीमा टेटे के पास रहेगी। वहीं अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर रहेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं। मध्य पंक्ति की कमान कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी। नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।

### 12 हजार शिक्षक व 7 हजार सिलेक्टेड पुलिस आरक्षक परेशान

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश के 12 हजार शिक्षक एवं 7 हजार सिलेक्टेड पुलिस आरक्षक परेशान है। कारण नव नियुक्त 12 हजार शिक्षकों की 6 माह के बाद भी प्रोविजनल पीरियड खत्म नहीं हुआ है। डीपीआई स्कूल शिक्षा के शिक्षकों को परिवीक्षा अवधि समाप्त करने का आदेश दे चुका है लेकिन अधिकारियों ने अमल नहीं किया है।

# राजनीतिक प्रशासनिक

### बीकॉम, बीए में अब 9 की जगह देने होंगे 10 पेपर

**भोपाल,ईएमएस।** उच्च शिक्षा विभाग ने आगामी शैक्षणिक सत्र से यूजी प्रथम वर्ष (बीकॉम, बीए, बीएससी, बीबीए आदि) में बड़े बदलाव लागू कर दिए हैं। विषय चयन की पूरी प्रणाली को बदलते हुए अब छात्रों को 9 की जगह 10 पेपर देने होंगे। अब तक फाउंडेशन ग्रुप में चार पेपर होते थे, लेकिन अब यह घटाकर केवल दो कर दिए गए हैं - हिंदी और अंग्रेजी। इसके अलावा वैकेशनल विषय के साथ एक नया अनिवार्य विषय (वेल्यू एडेड) जोड़ा गया है।



## आपदा राहत के नाम पर कितनी राशि खर्च की, कितनी सरेंडर की



**भोपाल,ईएमएस।**

प्रदेश में ओलावृष्टि, बाढ़, अकाल और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से निपटने के लिए आठ विभागों की खर्च की गई राशि का ब्योरा राहत आयुक्त ने मांगा है।

उन्होंने यह जानकारी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और विभागाध्यक्षों से तलब की है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि उन्हें आवंटित की गई राशि में से कितनी राशि खर्च नहीं हो सकी और सरेंडर की गई है। राहत आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि हर योजना में खर्च की गई राशि का अलग-अलग विवरण दिया जाए। राहत आयुक्त द्वारा अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव, नर्मदा घाटी विकास, गृह विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक सेवा प्रबंधन विभाग और सचिव, गृह एवं समन्वयक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। यह पत्र राहत आयुक्त कार्यालय के संयुक्त संचालक द्वारा जारी किया गया है।

### खर्च-सरेंडर की राशि की जानकारी देना होगा

पत्र में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि में संबंधित विभागों को राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा कितनी राशि ट्रांसफर की गई, इस राशि में से कितनी राशि का उपयोग कार्यों में किया गया और कितनी राशि सरेंडर की गई, इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करने को कहा गया है। बताया जा रहा है कि यह राशि राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा मिटिगेशन फंड, आपदा से बचाव की तैयारी और कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे कार्यों के लिए उपयोग की जा सकती है।

## भाजपा के राज में दलित सुरक्षित नहीं

### कमलनाथ ने मुरैना में युवक की मौत पर सरकार को घेरा



**भोपाल,ईएमएस।**

मध्यप्रदेश के मुरैना में अंबेडकर जयंती की रैली के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

कमलनाथ ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर सरकार को आड़े हाथों लिया। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मुरैना के हिंगोना खुर्द गांव में कल रात अम्बेडकर जयंती के जुलूस पर फायरिंग की गई और दलित समाज के एक युवक संजय पिप्पल की मृत्यु हो गई और एक युवक घायल हो गया। यह घटना एक बार फिर बताती है कि भाजपा की सरकार में दलित सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा की सरकार में बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती पर दलित प्रसन्नता पूर्वक जुलूस भी नहीं निकाल सकते हैं। कमलनाथ ने आगे लिखा कि भाजपा की मानसिकता दलित विरोधी है और दलितों पर अत्याचार करने वालों को भाजपा प्रश्रय देती है। इसी दिन महू के बेटमा में एक दलित दूल्हे की बारात को मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह सब घटनाएं बता रही हैं कि भाजपा बाबा साहेब के बनाए संविधान के अनुसार सरकार चलाना नहीं चाहती और दलित समाज का उत्पीड़न करना चाहती है।

## पीडब्ल्यूडी के 15 इंजीनियरों पर करप्शन का केस

**भोपाल, ईएमएस ।** लोक निर्माण विभाग के भवन विकास निगम और सडक़ विकास निगम में पदस्थ इंजीनियर करप्शन के घेरे में हैं। इसमें रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता रह चुके और प्रमुख अभियंता भवन जीपी मेहरा का भी नाम है। इसके अलावा प्रमुख अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री स्तर के 15 इंजीनियरों पर भ्रष्टाचार के मामलों में लोकायुक्त और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) जांच कर रहे हैं। इस मामले में खास बात यह है कि कुछ इंजीनियरों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जबकि कुछ इंजीनियरों के विरुद्ध 15 साल से जांच और न्यायालय की प्रक्रिया चल रही है।

विभाग में एक दशक से अधिक समय से जिन इंजीनियरों के विरुद्ध लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में केस चल रहे हैं उनकी जानकारी लिए जाने के बाद ये नाम सामने आए हैं। इसमें 13 साल पहले बनाई गई चंदेरी मुंगावली रोड के करप्शन के मामले में एमपीआरडीसी के चीफ इंजीनियर रहे जीपी मेहरा भी जांच के घेरे में हैं।

### इनके विरुद्ध भी है ईओडब्ल्यू लोकायुक्त में केस

मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के प्रभारी उप महाप्रबंधक डिवीजन आफिस मंडला ललित चौधरी के विरुद्ध सीएम राइज स्कूल के निर्माण में केंद्र और राज्य सरकार की राशि का दुरुपयोग करने और भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत ईओडब्ल्यू में की गई है। यह शिकायत वर्ष 2024 में की गई है जिसकी जांच चल रही है। लोकायुक्त पुलिस में राघवेंद्र सिंह किरार सहायक जनरल मैनेजर लोक निर्माण विभाग के भवन विकास निगम के विरुद्ध वर्ष 2023 में की गई है। भवन विकास निगम के उप महाप्रबंधक तकनीकी संविदा पद पर पदस्थ निशांत पचौरी के विरुद्ध ईडब्ल्यूएस कोटे का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी पाने और अधिक आय अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) में एक साल पहले अप्रेल 2024 में शिकायत की गई है जिसकी जांच अभी जारी है। शिकायत में कहा गया है कि आर्थिक स्थिति मजबूत होने के बाद भी ईडब्ल्यूएस का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी हासिल की गई है।

### राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लगाया आरोप-भाजपा के लोग गांधीजी और गांधीजी की विचारधारा के खिलाफ



## देश में अब विचारधारा की लड़ाई

भोपाल,ईएमएस । राज्यसभा सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया है कि नरेंद्र मोदी नाथूराम गोडसे की विचारधारा के हैं, वह गांधीजी की विचारधारा के कतई नहीं हैं। भाजपा के लोग गांधीजी और गांधीजी की विचारधारा के खिलाफ हैं। दिग्विजय सिंह ने भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के बेटे द्वारा चामुंडा माता मंदिर के पुजारी के साथ की गई मारपीट को लेकर कहा कि कांग्रेस के विरोध और प्रदर्शन के चलते विधायक के बेटे पर एफआईआर हुई है, गिरफ्तारी अभी भी नहीं हुई है। आज भी उन्हें प्रोटेक्ट किया जा रहा है। भाजपा और भाजपा के लोगों से संबंधित लोगों को अहंकार हो गया है कि हम कुछ भी करें, पुलिस हम पर कुछ नहीं करेगी।

### रामदेव ने प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ाने धर्म और नफरत का सहारा लिया

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने योगगुरु बाबा रामदेव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बाबा रामदेव ने अपने प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ाने के लिए धर्म और नफरत का सहारा लिया है, जिससे देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की जा रही है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः **expressnews.advt@gmail.com** (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।